Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 49 | बुधवार, 19 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया

### उत्तर प्रदेश विधानसभा में सीएम योगी ने कहा

# सपा ने सरकार के बहुत अच्छे कामों का विरोध किया



**नई दिल्ली।**

उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को बजट सत्र की शुरूआत से पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के दौरान हंगामा हुआ। समाजवादी पार्टी के विधायकों ने महाकुंभ भगदड़, बेरोजगारी और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। यूपी विधानसभा शुरूआत से पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के दौरान हंगामा हुआ। समाजवादी पार्टी के विधायकों ने महाकुंभ भगदड़, बेरोजगारी और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे विधायकों को शांत करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। बाद में सदन को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि उनकी सरकार विपक्ष द्वारा पूछे जा रहे हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार है। योगी ने कहा कि सपा को राज्य सरकार द्वारा किए गए हर काम का विरोध करने की आदत है। मुख्यमंत्री ने कहा, ₹कल से राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में चर्चा होगी। 20 फरवरी को सदन में उत्तर प्रदेश का वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया जाएगा। सत्र 18 फरवरी से 5 मार्च तक प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश के इतिहास में ऐसे बहुत कम अवसर आए हैं, जब इतने लंबे समय तक सत्र आहूत किया गया हो। लेकिन सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से पूरी होनी चाहिए।

**08** वर्षों में डबल इंजन वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार ने उत्तर प्रदेश के विकास के लिए जो मानक स्थापित किए हैं, वे अभूतपूर्व हैं।

यह केवल सत्ता पक्ष की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि विपक्ष की भी उतनी ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सदन चर्चा का मंच बनना चाहिए। इसकी झलक राज्यपाल के अभिभाषण के साथ-साथ सदन के अंदर होने वाली चचाओं से भी मिलती है। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से हताश और निराश विपक्ष इन मुद्दों पर चर्चा करने से भागने की कोशिश करता है और सदन की कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करता है। योगी ने बजट सत्र को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग का आग्रह किया इससे पहले सोमवार को मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के नेताओं से आगामी बजट सत्र के दौरान सदन में जनहित के मुद्दे उठाने और विधानसभा की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने में मदद करने को कहा। बजट सत्र शुरू होने से पहले स्पीकर सतीश महाना ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की। सदन के नेता योगी ने बैठक में नेताओं से आग्रह किया कि वे सुनिश्चित करें कि सदन के कामकाज में कोई बाधा न आए और वे जनहित से जुड़े हर मुद्दे को उठाएं।

उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दे उठाने और सदन को सुचारू रूप से चलाने से विकास को गति मिलेगी। स्पीकर सतीश महाना ने सभी सदस्यों से सत्र के सुचारू संचालन के लिए सहयोग करने की भी अपील की।

# केरल के मलप्पुरम में फुटबॉल मैच से पहले हादसा

### अतिशबाजी के दौरान 30 से ज्यादा लोग झुलसे

**मलप्पुरम।**



केरल के मलप्पुरम जिले के अरीकोड में फुटबॉल मैच से पहले अतिशबाजी के दौरान 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हालांकि, किसी के भी गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है। केरल के मलप्पुरम जिले के अरीकोड में मंगलवार की देर रात अतिशबाजी के दौरान हादसा हो गया। इसमें 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना एक फुटबॉल मैदान में हुई, जहां मैच शुरू होने से पहले पटाखे फोड़े जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, पटाखों के फटने से चिंगारियां मैदान में फैल गईं, जहां दर्शक बैठे हुए थे। इससे वहां अफरातफरी मच गई और कई लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, राहत की बात यह है कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

## बदमाशों के साथ पुलिस का एनकाउंटर, 4 अपराधियों को गिरफ्तार किया

**पटना।** पटना के एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि चार राउंड फायरिंग की गई. इस घटना में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। इमारत के अंदर मौजूद सभी नागरिक सुरक्षित हैं। हम कुछ गुंडों का भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जो फरार हो गए हैं। स्थिति सामान्य है।

बिहार में पटना के कंकड़बाग इलाके में अपराधियों ने आज एक घर के बाहर गोलीबारी की, जिसके बाद पुलिस को इलाके की घेराबंदी करनी पड़ी. गोलीबारी के बाद सभी अपराधी पास के एक घर में छिप गये. फायरिंग कंकड़बाग के रामलखन पथ पर दोपहर करीब 2 बजे हुई। पुलिस ने फायरिंग करने वाले चार बदमाशों को हिरासत में लिया है और कुछ बदमाश भाग गए। पुलिस फरार अपराधियों को पकड़ने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस के मुताबिक बदमाशों ने चार राउंड फायरिंग की। पटना के एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि चार राउंड फायरिंग की गई. इस घटना में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। हम कुछ गुंडों का भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जो फरार हो गए हैं।

# संक्षेप खबर

## बॉक्स ऑफिस पर छा गई 'छावा' मंगलवार को 24 करोड़ की कमाई की




**नई दिल्ली।**

विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। फिल्म ने टिकट खिड़की पर अब तक धांसू कमाई की है। आइए जानते हैं कि मंगलवार को फिल्म ने कितने करोड़ की कमाई की।

आमतौर पर वीकडेज में फिल्म का कलेक्शन लगातार कम होता है, लेकिन 'छावा' के साथ ऐसा होता नहीं दिख रहा। शुरूआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने पांचवें दिन 24.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। वहीं, सोमवार को फिल्म ने 24 करोड़ रुपये कमाए थे। 'छावा' के दिन से ही छावा बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। शुक्रवार को फिल्म ने 31 करोड़ रुपये से अपने शुरूआत की थी। वहीं, दूसरे दिन फिल्म की रफ्तार तेज नजर आई थी। शनिवार को फिल्म ने 37 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, तीसरे दिन फिल्म ने 48.5 करोड़ रुपये का बंपर कलेक्शन कर फिल्मी दिग्गजों को चौंका दिया था। इस तरह पहले वीकएंड में फिल्म का कुल कलेक्शन 116.5 करोड़ रुपये बटोर डाले थे। फिल्म की स्टारकास्ट की बात करें तो 'छावा' में विक्की कौशल के अलावा रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में हैं।

## अदाणी समूह देशभर में 20 स्कूलों की स्थापना के लिए 2,000 करोड़ रुपये का योगदान देगा...................



**नयी दिल्ली ।**

अदाणी समूह ने देशभर में कम से कम 20 स्कूलों के निर्माण के लिए 2,000 करोड़ रुपये का दान देने की घोषणा की।

समूह के संस्थापक गौतम अदाणी के छोटे बेटे की शादी के समय समूह ने परमार्थ कार्यों पर 10,000 करोड़ रुपये खर्च करने की घोषणा की थी। समूह ने पहले अस्पतालों के निर्माण के लिए 6,000 करोड़ रुपये और कौशल विकास के लिए 2,000 करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी। गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह की परमार्थ इकाई अदाणी फाउंडेशन ने ह्यह्यदेशभर में शिक्षा के मंदिर स्थापित करने के लिए निजी के-12 शिक्षा में वैश्विक अग्रणी जेम्स एजुकेशन के साथ गठजोड़ किया है। फाउंडेशन ने बयान में कहा, अदाणी परिवार से 2,000 करोड़ रुपये के शुरूआती योगदान के साथ साझेदारी समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए विश्वस्तरीय शिक्षा और सीखने के बुनियादी ढांचे को किफायती बनाने को प्राथमिकता देगी। इस महीने की शुरूआत में, अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत की शादी के समय सामाजिक कार्यों पर 10,000 करोड़ रुपये खर्च करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

## शिवसेना के 20 विधायकों की सुरक्षा घटाने पर महायुति में तकरार !

**मुंबई।**



20 शिवसेना विधायकों की सुरक्षा घटना महाराष्ट्र की राजनीति में नए तकरार की ओर इशारा कर रहा है। खबर ये भी है कि महाराष्ट्र गृह मंत्रालय के इस फैसले से डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे में नाराजगी है। हालांकि ये विवाद की खबर कोई नया नहीं है। महाराष्ट्र की राजनीति में एक नया मोड़ आता हुआ दिख रहा है। जहां मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के बीच चल रहे शीत युद्ध के दावों में नया मोड़ आता हुआ दिख रहा है। मीडिया रिपोर्टस की माने तो सीएम फडणवीस के गृह विभाग ने 20 से अधिक शिवसेना विधायकों की सुरक्षा में बदलाव किया। उनकी सुरक्षा को वाई+ श्रेणी से घटाकर सिर्फ एक कांस्टेबल पर कर दिया गया। इसके साथ ही कुछ अन्य शिवसेना नेताओं की सुरक्षा भी वापस ले ली गई।

## सरकार, आरबीआई महंगाई को काबू में लाने, वृद्धि को गति देने के लिए मिलकर कर रहे काम : सीतारमण



**मुंबई ।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई को काबू में लाने और आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुद्रास्फीति कम होकर लगभग चार प्रतिशत के पास आ गई है। इसके परिणामस्वरूप रिजर्व बैंक लगभग पांच साल में पहली बार नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सका। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति प्रबंधन में आयातित मुद्रास्फीति से संबंधित पहलुओं पर काम भी शामिल है। इस बीच, सीतारमण ने मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में चुनिंदा परियोजनाओं के घर खरीदारों को चाबियां सौंपी। लंबे समय से अटकी इन आवासीय परियोजनाओं को किफायती और मध्यम आय वाले आवास के लिए विशेष व्यवस्था (स्वामी एक)निवेश कोष के तहत पूरा किया गया है।

## गुजरात: स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत



**अहमदाबाद।**

भाजपा 60 नगरपालिकाओं और तीन तालुका पंचायतों में स्पष्ट विजेता बनकर उभरी। कांग्रेस केवल देवभूमि द्वारका जिले की सलाया नगरपालिका सीट जीतने में कामयाब रही। वहीं, अन्य के खाते में 4 सीटें आई हैं।

गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने फिर से अपना परचम लहरा दिया है। पार्टी ने 68 नगरपालिका में से 60 पर प्रचंड जीत दर्ज की है। वहीं, कांग्रेस को केवल एक सीट से संतोष करना पड़ा। इस चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस से 15 नगरपालिका छीन ली हैं। वहीं, समाजवादी पार्टी को दो नगरपालिकाओं में जीत मिली है। राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव पहली बार ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण लागू होने के बाद हुए हैं। राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों के लिए 16 फरवरी को मतदान हुआ था। मंगलवार को मतगणना के बाद भाजपा 60 नगरपालिकाओं और तीन तालुका पंचायतों में स्पष्ट विजेता बनकर उभरी।

कांग्रेस केवल देवभूमि द्वारका जिले की सलाया नगरपालिका सीट जीतने में कामयाब रही।

# दोहा से आया मेरा दोस्त: जहां हर चौथा शख्स है हिंदुस्तानी



**नई दिल्ली।**

कतर से भारत को आने वाला एलएनजी है। भारत में ऊर्जा की खपत बड़े पैमाने पर होती है। इसलिए भारत को ऊर्जा संशाधनों की भी जरूरत है। ऐसे में बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के लिए कतर भारत के लिए सबसे मजबूत विकल्प माना जाता है। कतर भारत का सबसे बड़ा एलएनजी सप्लायर भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी भारत पहुंचे हैं। पीएम मोदी प्रोटोकॉल को तोड़ते हुए खुद अमीर को रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचे। शेख तमीम अन्य देशों के शासकों की तरह आम नहीं हैं। उनके डिप्लोमेसी के साथ साथ लाइफ स्टाइल भी दुनियाभर में मशहूर है। अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप की वापसी हुई है। एक साझेदार के तौर पर कतर के साथ भारत की नजदीकियां और भी ज्यादा जरूरी होती हैं। इसके कई रणनीतिक कारण भी हैं। इनमें से एक कतर से भारत को आने वाला एलएनजी है। भारत में ऊर्जा की खपत बड़े पैमाने पर होती है। इसलिए भारत को ऊर्जा संशाधनों की भी जरूरत है। ऐसे में बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के लिए कतर भारत के लिए सबसे मजबूत विकल्प माना जाता है। कतर भारत का सबसे बड़ा एलएनजी सप्लायर भी है।

**कतर कैसे बना गल्फ में भारत का सबसे बड़ा सहयोगी**

## संपादक की कलम से

### अश्लीलता-अभद्रता की हद

हाल के दिनों में सोशल मीडिया से जुड़े प्लेटफॉर्मों के कार्यक्रमों में स्वेच्छाचारिता और वर्जनाएं तोड़ने के अनगिनत मामले प्रकाश में आए हैं। जो भारतीय सामाजिक व पारिवारिक मूल्यों का अतिक्रमण करते हुए अराजक व्यवहार कर रहे हैं। पिछले दिनों संसद से लेकर सड़क तक यूट्यूब पर प्रसारित एक फूहड़ व अभद्र कार्यक्रम के खिलाफ कार्रवाई की मांग गूंजती रही, जिसमें अभद्रता से सामाजिक मयार्दा की सीमाएं लांघने की कुत्सित कोशिश हुई। पिछले दिनों कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो ह्यइंडियाज गॉट टैलेंटह्ण में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर व यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने एक अश्लील, अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी की। इस बदमिजाज यूट्यूबर ने शो के एक प्रतिभागी के माता–पिता के अंतरंग पलों के बारे में घोर निंदाजनक प्रश्न किए। जैसा अपेक्षित था, भारतीय परिवार व सांस्कृतिक मूल्यों पर हमला करने वाली टिप्पणी पर देश में भारी विवाद हुआ। देश के विभिन्न भागों में इस मामले में शिकायतें दर्ज की गईं, और राष्ट्रीय महिला आयोग ने ऐसे कार्यक्रमों के नियमन की मांग करते हुए कार्रवाई की सिफारिश की। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यूट्यूब से इस विवादित कार्यक्रम को हटाने के निर्देश दिए। देश के राजनीतिक क्षेत्रों में भी इस विवाद को लेकर तीखी टिप्पणियां सामने आईं। इस विवाद ने देश में इस बहस को एक बार फिर तेज किया कि सामाजिक मूल्यों को लेकर अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा के निर्धारण और डिजिटल कंटेंट निमार्ताओं की जवाबदेही कैसे तय की जाए। साथ ही रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा सार्वजनिक शिष्टाचार में सामंजस्य कैसे बनाया जाए। दरअसल, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लाइक और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिये तमाम फूहड़ व तल्खीभरे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाता है, ताकि इससे यूट्यूबरों की आय बढ़ सके। बदलते वक्त की विडंबना यह है कि धीर–गंभीर व उपयोगी कार्यक्रमों को दर्शकों का वह प्रतिसाद नहीं मिलता, जो ऊल–जलूल कार्यक्रमों को मिलता है। इन कार्यक्रमों के ज्यादा देखे जाने से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का विज्ञापन भी बढ़ता है। इसी होड़ में अमर्यादित और विवादास्पद कार्यक्रमों की शृंखला का जन्म होता है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या सोशल मीडिया नियमन को लेकर बने कानून इस अराजकता पर अंकुश लगाने में सक्षम हैं? क्या इलेक्ट्रानिक माध्यमों के जरिये प्रसारित सामग्री पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम को सख्त बनाने की जरूरत है? क्या अश्लील अभिव्यक्ति को दंडनीय बनाने के लिये सख्त कानूनों की जरूरत है?



ललित शर्मा
संपादक

# अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए या नहीं?



नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत ही बड़ी खबर नहीं है। बड़ी खबर यह भी है कि रेलवे ने पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखा है। बड़ी खबर यह भी है कि लोग यह समझ चुके हैं कि रेलवे में सुधार की बातें सिर्फ खोखली हैं। बड़ी खबर यह भी है कि तमाम लोगों को इस बात का पक्का विश्वास हो चला है कि पर्वों-त्योहारों और छुट्टियों के समय टिकट खरीदने से लेकर अपने गंतव्य तक पहुँचने तक रेल का सफर परेशान करेगा ही करेगा। बड़ी खबर यह भी है कि रेलवे स्टेशन पर या पटरी पर चलती ट्रेन के साथ कितनी बड़ी दुर्घटना हो जाये, रेल मंत्री कभी नैतिक जिम्मेदारी नहीं लेंगे। बड़ी खबर यह भी है कि दुर्घटना होने पर मुआवजे या जांच का ऐलान तुरंत ही करने वाले रेल मंत्री अपना इस्तीफा देना तो दूर कभी इस्तीफे की पेशकश तक नहीं करेंगे।

देखा जाये तो रेल मंत्री पद से अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांगा जा रहा है तो इसमें कुछ गलत नहीं है क्योंकि बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे की ही नहीं है। आप रेलवे को समग्र रूप में देखेंगे तो पाएंगे कि कोई बड़ा सुधार कर पाने में अश्विनी वैष्णव पूरी तरह विफल रहे हैं। अगर महाकुंभ की ही बात कर लें तो भले रेल मंत्री ने प्रयागराज के लिए हजारों ट्रेनें चलाने के दावे किये हों लेकिन आप देशभर में सर्वे करा लें तो पाएंगे कि प्रयागराज के लिए ज्यादातर लोगों को ट्रेनों में टिकट मिले ही नहीं और जिनको टिकट मिले उनका सफर आरामदायक नहीं रहा। यही नहीं, हैरानी की बात यह भी रही कि प्रयागराज के लिए रेलवे की वेबसाइट और ऐप पर भले टिकट नहीं थे लेकिन मेकमाई ट्रिप जैसी ट्रैवल साइटों पर 500 रुपए की अतिरिक्ति फीस देकर उसी तारीख के रेलवे टिकट उपलब्ध थे। हम 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन 2025 तक रेलवे को इतना भी आत्मनिर्भर नहीं बना पाये हैं कि उसकी ही वेबसाइट और ऐप पर सभी को कंफर्म टिकट मिल जायें। आज भी रेल यात्रियों को अपना टिकट कंफर्म कराने के लिए वीआईपी कोटा या रेलवे कोटा लगवाने के लिए नेताओं और अधिकारियों से मदद मांगनी पड़ती है जोकि शर्मनाक है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के जांच के आदेश तो दे दिये गये हैं लेकिन सवाल उठता है कि पहले की घटनाओं की जांच रिपोर्टों का क्या हुआ? पिछली घटनाओं के लिए कौन लोग दोषी ठहराये गये, उन्हें कौन-सी कड़ी सजा हुई? क्या इसका विवरण कभी रेल मंत्री देश के सामने रखने का साहस जुटाएंगे? देखा जाये तो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना का प्रमुख कारण था ऐन समय पर ट्रेनों के प्लेटफॉर्म का बदला जाना। यह ऐसी चूक है जिसकी वजह से पहले भी दुर्घटनाएं हुई हैं लेकिन रेलवे ने कभी सबक नहीं सीखा। जब रेलवे स्टेशन का प्रबंधन यह देख रहा था कि वहां भारी भीड़ उमड़ी हुई है तो प्लेटफॉर्म बदलने का फैसला टाल कर क्या घटना को रोका नहीं जा सकता था?

बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की भी नहीं है। देश के तमाम शहरों से इस प्रकार की खबरें सामने आ रही हैं कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में लोग भारी भीड़ की वजह से चढ़ नहीं पा रहे हैं। इस प्रकार के भी वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि यात्री सिर्फ दरवाजों से ही नहीं बल्कि खिड़कियों से भी ट्रेन के भीतर जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर तमाम वायरल वीडियो में भी देखा जा सकता है कि लोग ट्रेनों में नहीं चढ़ पाने को लेकर तोड़फोड़ तक कर रहे हैं। जनता की यह नाराजगी साफ दशार्ती है कि महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन को लेकर रेलवे की ओर से पर्याप्त तैयारियां नहीं की गयी थीं।

यही नहीं, हमने दुनिया के सबसे ऊँचे पुल पर ट्रेन दौड़ाने का कीर्तिमान तो अपने नाम कर लिया लेकिन जमीन पर बिछी पटरियों पर दौड़ती ट्रेन की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाये हैं। आये दिन होते रेल हादसे दर्शा रहे हैं कि संभवतः मंत्रीजी का पूरा ध्यान इस विभाग पर नहीं है। हाल के रेल हादसों में से अधिकांश के पीछे साजिश का एंगल सामने आया है। यदि ऐसा है तो यह भी सुरक्षा में एक बहुत बड़ी खामी है। यही नहीं, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के दौरान कुली और प्लेटफॉर्म पर स्टॉल लगाने वाले ही यात्रियों के बचाव में उतरे। एक भी यात्री ने यह नहीं बताया कि रेलवे पुलिस ने किसी की मदद की हो या उसे बचाया हो। साथ ही, भगदड़ की घटना के तत्काल बाद जिस तरह प्रयागराज के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई गयीं वह दिखाता है कि रेलवे के पास अतिरिक्त ट्रेनों की व्यवस्था थी। इसलिए सवाल उठता है कि भीड़ को देखते हुए उन स्पेशल ट्रेनों को पहले क्यों नहीं चलाया गया? रेलवे ने गत शनिवार को प्रयागराज के लिए स्पेशल वंदे भारत ट्रेनें चलाने की घोषणा की थी लेकिन साधारण ट्रेनों को क्यों नहीं चलाया गया? क्या ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि वंदे भारत जैसी महंगी ट्रेनों से रेलवे को ज्यादा आमदनी होती है और साधारण ट्रेनों को चलाने से ज्यादा लाभ नहीं होता? क्या रेलवे ने अब सिर्फ अपने लाभ के बारे में ही सोचना शुरू कर दिया है?

सवाल और भी कई हैं लेकिन उनके जवाब मिलने की संभावना कम ही है। वैसे यह भी एक तथ्य है कि भारतीय रेलवे भारी दबाव में है। रेलवे में सुधार की अत्यंत जरूरत है। रेलवे को ऐसे मंत्री की भी जरूरत है जिसके पास रेलवे के अलावा अन्य किसी मंत्रालय का कार्यभार नहीं हो ताकि वह रेलवे पर ही पूरी तरह से ध्यान दे पाये। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि अश्विनी वैष्णव उच्च शिक्षित, अनुभवी और ईमानदार व्यक्ति हैं लेकिन आंकड़े दशार्ते हैं कि उनकी यह योग्यताएं रेलवे के काम नहीं आ पा रही हैं। अश्विनी वैष्णव अक्सर रेलवे की सुनहरी तस्वीर के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते रहते हैं जबकि हकीकत उससे काफी अलग होती है। यही नहीं, आज भले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन या देश के अन्य स्टेशनों पर सब कुछ व्यवस्थित दिखाई दे रहा हो लेकिन सवाल उठता है कि क्या ऐसी ही व्यवस्था जल्द ही आने वाली होली की छुट्टियों और उसके बाद गर्मी की छुट्टियों के दौरान भी दिखाई देगी?

बहरहाल, देखना होगा कि भारतीय रेलवे का भविष्य कैसा रहता है? वैसे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बिखरे हुए जूते-चप्पलों, टूटी हुई चूड़ियों, कपड़ों, बैगों के दृश्य और जिन 18 परिवारों में मौत हुई है उनके घर में पसरे मातम का दृश्य हर किसी के मन में सिहरन पैदा कर गये हैं। **–नीरज कुमार दुबे**

## उदय किशोर साह



### चाँदनी

कविता

अय चन्दा शीतल तेरी चाँदनी
जैसे बहती गंगा की निर्मल पानी
दादी नानी से सुना है तेरी कहानी
सुकून देती है अद्भुत है तूँ ज्ञानी

तुँ शायर की कलम की हो शायरी
तेरी ठंडक लगती सबको प्यारी
हर कवि लिखता है तुम पे कविता
तुम्हें देख कर चकोर भी है जीता

तुँ गजल है तूँ है मोहब्बत की कहनी
दो दिल धड़के तेरी ही जुवानी
पर तुम रोज जब नहीं आती हो
बता दो तुम मिलने किसे जाती हो

तम तेरे डर से भाग जब घर जाती
रजनी को तुम साथ ले धरा पे आती
तेरे प्रकाश से जग झलमल हो जाता
तुम्हें देख गीत कोई है गुनगुनाता

बदरी के आँचल में जब तुम छिप जाती
मन को दे तुम पीड़ा दे तुम हो तड़पाती
आज चन्दा तुम मेरे घर के मुड़ेर पे आना
चाहे कुछ भी कहे ये जालिम जमाना

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## विश्व सामाजिक न्याय दिवस- 20 फरवरी

# सामाजिक न्याय की पिच पर नई सोशल इंजीनियरिंग अपेक्षित



ललित गर्ग

विश्व सामाजिक न्याय दिवस सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की आवश्यकता को पहचानने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसमें गरीबी, लैंगिक असमानता, महंगाई, महिला अत्याचार, बेरोजगारी, मानवाधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों से निपटने के प्रयास शामिल हैं। यह दिवस प्रतिवर्ष 20 फरवरी को मनाया जाता है और यह आयोजन हर साल हमें अधिक निष्पक्ष, अधिक न्यायसंगत, अधिक समान, अधिक मानवीय समाज बनाने की आवश्यकता की याद दिलाना। इसका उद्देश्य हमें यह पहचानने में मदद करना है कि मनुष्य के रूप में हमने जितनी भी प्रगति की है, उसके बावजूद कई बाधाएं अधिसंख्य लोगों को एक निष्पक्ष एवं समानतापूर्ण जीवन जीने से रोकती हैं। इस दिवस की 2025 की थीम है ह्यसमावेश को सशक्त बनानाः सामाजिक न्याय के लिए अंतराल को पाटनाह्ण। थीम प्रणालीगत असमानता को दूर करने में समावेशी नीतियों, निरंतर सीखने और सामाजिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है। इसे पहली बार साल 2009 में मनाया गया था। दुनिया में बढ़ती समस्याओं को देखते हुए आज सामाजिक न्याय की जितनी जरूरत है उतनी पहले शायद पहले नहीं थी। दुनिया में राजनैतिक विभाजन पहले से अधिक हो रहा है एवं समुदायों में असुरक्षा ज्यादा बढ़ती दिख रही है। हम सब मिलकर जाति-धर्म, गरीबी-अमीरी, वंश-वर्ग आदि सारे भेदभाव को भुलाकर एक स्वस्थ एवं आदर्श समाज की स्थापना करें और मानव अधिकारों का सम्मान करें, यही इस दिवस का मूल उद्देश्य है। सामाजिक न्याय की पिच पर ही नई सोशल इंजीनियरिंग तैयार हो सकती है।

यह संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो आज अधिक प्रासंगिक है। इस संदर्भ में निष्पक्षता का अर्थ है शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवा, न्याय और अन्य के समान मानकों तक समान पहुंच। सभी की इन चीजों के समान मानकों तक समान पहुंच होनी चाहिए, चाहे उनकी जाति, धर्म, लैंगिकता, लिंग या वर्ग कुछ भी हो। विश्व सामाजिक न्याय का मतलब है, ऐसा समाज बनाना जहां सभी लोगों को समान अधिकार, अवसर और व्यवहार मिलें। सामाजिक न्याय के जरिए समाज की आर्थिक और सामाजिक विषमताओं को कम करने की कोशिश की जाती है और सभी नागरिकों को सामाजिक समानता देने के प्रयास किये जाते हैं। समाज की सामान्य भलाई के लिए दूसरों की देखभाल एवं सहायता करने की जिम्मेदारी और सभी को अपनी जिंदगी में सुधार करने के लिए समान अवसर मिले, इसके लिये यह दिवस एक आह्वान है। सामाजिक न्याय की आकांक्षा, यह सुनिश्चित करती है कि हर कामकाजी पुरुष और महिला को अपने योगदान के मुताबिक उचित हिस्सा मिले, जो सामाजिक न्याय, सामाजिक एकजुटता, आर्थिक विकास, और मानव प्रगति के लिए जरूरी है।

विश्व सामाजिक न्याय दिवस को सफल बनाने के लिए कई देश एक साथ मिलकर बेरोजगारी, गरीबी, जाति भेदभाव, लिंग और धर्म के नाम पर बंटे लोगों को एकजुट करने की कोशिश करते हैं। भारत में भी सदियों से लोगों को समान अधिकार देने का विधान रहा है। इसके लिए भारतीय संविधान में सामाजिक असमानता को खत्म करने के लिए कई प्रावधान हैं। समाज में यह जागरूकता फैलाने की जरूरत है कि सभी एक हैं और किसी में भी कोई भेदभाव नहीं देखना चाहिए। भारत सरकार भी कई योजनाएं चला रही हैं। एक विचार के रूप में सामाजिक न्याय की बुनियाद सभी मनुष्यों को समान मानने के आग्रह पर आधारित है। इसके मुताबिक किसी के साथ सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पूर्वाग्रहों के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। हर किसी के पास इतने न्यूनतम संसाधन होने चाहिए कि वे ह्यउत्तम जीवनह्ण की अपनी संकल्पना को धरती पर उतार पाएँ। विकसित हों या विकासशील, दोनों ही तरह के देशों में राजनीतिक सिद्धांत के दायरे में सामाजिक न्याय की इस अवधारणा और उससे जुड़ी अभिव्यक्तियों का प्रमुखता से प्रयोग किया जाता है। भारत जैसे देश में सामाजिक न्याय का नारा वंचित समूहों की राजनीतिक गोलबंदी का एक प्रमुख आधार रहा है। उदारतावादी मानकीय राजनीतिक सिद्धांत में उदारतावादी-समतावाद से आगे बढ़ते हुए सामाजिक न्याय के सिद्धांतीकरण में कई आयाम जुड़ते गये हैं। मसलन, अल्पसंख्यक अधिकार, बहुसंस्कृतिवाद, मूल निवासियों के अधिकार आदि। इसी तरह, नारीवाद के दायरे में स्त्रियों के अधिकारों को लेकर भी विभिन्न स्तरों पर सिद्धांतीकरण हुआ है और स्त्री-सशक्तीकरण के मुद्दों को उनके सामाजिक न्याय से जोड़ कर देखा जाने लगा है।



अनेक असमानताओं, आग्रहों, समस्याओं के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में सामाजिक न्याय के उल्लेखनीय उपक्रम किये हैं, नयी-नयी योजनाओं को लागू किया है। मोदी सरकार का सामाजिक न्याय का तरीका समाज में विभेद करने का नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ने का है। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को समाज के वंचित एवं हाशिए पर पड़े वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, विकलांग व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग के शिकार लोगों आदि के कल्याण, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण का दायित्व सौंपा गया है। मोदी ने कहा भी है कि सामाजिक न्याय, तुष्टिकरण से नहीं, संतुष्टिकरण से आता है। सरकार के द्वारा कई योजनाएं के अंतर्गत लोगों को समान अधिकार देने की कोशिश की जा रही है। साथ ही समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव, ऊंचनीच को जड़ से समाप्त करते हुए इससे समस्त समाज का एकसाथ विकास का प्रयास हो रहा है। हम जिस लोकतंत्र में जी रहे हैं वह लोक-समानता का लोकतंत्र है या लोक-विभेद का? हम जो स्वतंत्रता भोग रहे हैं वह समानता की स्वतंत्रता है या अराजक एवं असमानता की? हमने आचरण की पवित्रता एवं पारदर्शिता की बजाय कदाचरण एवं अनैतिकता की कालिमा का लोकतंत्र बना रखा है। ऐसा लगता है कि धनतंत्र एवं सत्तातंत्र ने जनतंत्र को बंदी बना रखा है। हमारी न्याय-व्यवस्था कितनी भी निष्पक्ष, भव्य और प्रभावी हो, फ्रांसिस बेकन ने ठीक कहा था कि ह्ययह ऐसी न्याय-व्यवस्था है जिसमें एक व्यक्ति की यंत्रणा के लिये दस अपराधी दोषमुक्त और रिहा हो सकते हैंह्ण रोमन दार्शनिक सिसरो ने कहा था कि ह्यमनुष्य का कल्याण ही सबसे बड़ा कानून हैह्ण लेकिन हमारे देश के कानून एवं शासन व्यवस्था को देखते हुए ऐसा प्रतीत नहीं होता, आम आदमी सजा का जीवन जीने को विवश है। सामाजिक न्याय के लिए सामाजिक एकता भंग नहीं की जा सकती। नहीं तो फिर रह क्या जाएगा हमारे पास। टमाटर, प्याज के आसमान छूते भाव-प्रतिदिन कोई न कोई कारण महंगाई को बढ़ाकर हम सबको और धक्का लगा जाता है और कोई न कोई टैक्स, अधिभार हमारी आय को और संकुचित कर जाता है। जानलेवा प्रदूषण ने लोगों की सांसों को बाधित कर दिया, लेकिन हम किसी सम्यक समाधान की बजाय नये नियम एवं कानून थोप कर जीवन को अधिक जटिल बना रहे हैं। सामाजिक न्याय व्यवस्था तभी सार्थक है जब आम जनता निष्कंटक एवं समस्यामुक्त समानता का जीवन जी सके।

सरकारों के पास शक्ति के कई स्रोत है, लेकिन इस शक्ति से कितनों का कल्याण हो रहा है? कैसा विचित्र लोकतंत्र है जिसमें नेता एवं नौकरशाहों का एक संयुक्त संस्करण केवल इस बात के लिये बना है कि न्याय की मांग का जबाव कितने अन्यायपूर्ण तरीके से दिया जा सके। महंगाई के विरोध का जबाव महंगाई बढ़ा कर दो, रोजगार की मांग का जबाव नयी नौकरियों की बजाय नौकरियों में छंटनी करके दो, कानून व्यवस्था की मांग का जबाव विरोध को कुचल कर आंसू गैस, जल-तोप और लाटी-गोली से दो। नेता एवं नौकरशाह केवल खुद की ही न सोचें, अपने परिवार की ही न सोचें, जाति की ही न सोचें, पार्टी की ही न सोचें, राष्ट्र की भी सोचें, सम्पूर्ण मानवता की सोचें। क्या हम लोकतंत्र को अराजकता की ओर धकेलना चाह रहे हैं? नेतृत्व आज चुनौतीभरा अवश्य है, विकास का मंत्र भी आकर्षक है, लेकिन सबसे बड़ा विकास तभी संभव है जब जनता खुश रहे, निर्भार रहे, सुखी रहे और लगे कि यह जनता के सुख एवं समानता का लोकतंत्र है। ऐसा होने पर ही विश्व सामाजिक न्यास दिवस मनाने की सार्थकता होगी।

# सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाए महाशिवरात्रि शब-ए-बारात व होली : पुलिस अधीक्षक

**वेलकम इंडिया**



**सिकन्द्राराऊ।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, शब-ए-बारात व होली को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत क्षेत्र के धर्मगुरूओं, ग्राम प्रधानों, गणमान्य-संभ्रांत व्यक्तियों एवं व्यापारियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया ।

मीटिंग के दौरान चेयरमैन नगर पालिका सिकन्द्राराऊ-पुर्दिलनगर, उपजिलाधिकारी सिकन्द्राराऊ, एसडीओ विद्युत विभाग, राजकीय चिकित्साधिकारी, प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राराऊ एवं क्षेत्र के धर्मगुरू, ग्राम प्रधान, गणमान्य-सम्भ्रान्त व्यक्ति आदि मौजूद रहे ।

मीटिंग के दौरान उपस्थित लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि व होली, शब-ए-बारात को सकुशल-शान्ति पूर्वक मनाने एवं त्यौहार के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई ।

मीटिंग के दौरान उपस्थित ग्राम प्रधानों, गणमान्य-संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरूओं से वार्ता कर त्यौहारों के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी कर सभी से फीडबैक लिया गया तथा आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई । मीटिंग में उपस्थित सभी गणमान्य-संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरुओ से वार्ता कर अनुरोध किया गया कि आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि में मंदिरों पर कम से कम भीड़ इकट्ठा होने दे ।

बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य-संभ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरुओ द्वारा आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहारों को मनाने का आश्वासन दिया गया तथा मीटिंग में उपस्थित लोगों को बताया गया कि क्षेत्र में होने वाली छोटी से छोटी घटनाओं की सूचना समय से पुलिस को दें, जिससे कोई बड़ा विवाद उत्पन्न न हो सके । मीटिंग में उपस्थित लोगों को बताया गया कि कोई भी जुलूस बिना अनुमति के ना निकाले जाये, होली रखने वाले स्थान निर्विवाद हो जहाँ पूर्व मे होली रखी जाती थी वही पर रखी जाए । साथ ही बताया गया कि होली व शब-ए-बारात त्यौहार के दौरान जूलूस आदि की सूचना प्रशासन एवं पुलिस को अवश्य दें, जिससे समुचित पुलिस प्रबन्ध किया जा सके और शांतिपूर्ण त्यौहार सम्पन्न कराये जा सके ।

## छात्रों को प्रत्येक अध्याय को पर्याप्त समय और ध्यान देना चाहिए: द्विवेदी

**संतकबीरनगर।** भूगोल में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए, छात्रों को प्रत्येक अध्याय को पर्याप्त समय और ध्यान देना चाहिए। एक संरचित अध्ययन दृष्टिकोण आवश्यक है, जिसमें प्रत्येक अध्याय की सामग्री को अच्छी तरह से समझने और आत्मसात करने के लिए एक से दो घंटे का अनुमानित समय आवंटित किया जाता है। यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में भूगोल विषय को लेकर परीक्षार्थी परेशान न हों। यह रुचिकर विषय है। यह डिवीजन बनवाने में भी सहायक साबित हो सकता है। इंटरमीडिएट में यह विषय ठीक से पढ़ लिया जाए तो प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लाभ मिलेगा। इस विषय की समझ विकसित होने पर पृथ्वी के भौतिक एवं सांस्कृतिक लक्षण पता चलते हैं। यह देश विदेश के स्थानों व अन्य संदर्भों की जानकारी देने में भी सहायक है। एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा के शिक्षक संजय द्विवेदी कहते हैं कि नोट्स बनाकर नियमित अध्ययन करने से अच्छे अंक मिलेंगे। विश्व और भारत का मानचित्र बनाने का भी अभ्यास करें। इससे कई तरह के प्रश्नों के उत्तर देने में मदद मिलेगी।

### आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर

# डीएम व एसपी ने दण्डेश्वर नाथ धाम मंदिर का किया स्थलीय निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**अमेठी।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने आज संयुक्त रूप से तहसील मुसाफिरखाना के कोछित स्थित श्री दण्डेश्वर नाथ धाम मंदिर व पिंडारा के श्री प्राचीन सोभनाथ शिव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा दिया एवं संबंधित अधिकारियों तथा मंदिर कमेटी के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, पार्किंग, पीने हेतु पानी, शौचालय, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मंदिर कमेटी के सदस्यों से महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या के बारे में जानकारी तथा उसी के अनुसार समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिरों में जलाभिषेक को लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि मंदिरों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना पंकज कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना, डीपीआरओ मनोज त्यागी, मंदिर कमेटी के सदस्यगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ओपीएस का जीपीएफ कोड नहीं एलाट कर रहे हैं डीआईओएस: संजय द्विवेदी

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा के आदेश के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित 29 शिक्षकों को जीपीएफ कोड नहीं एलाट कर रहे हैं। जिससे उन शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मामले की शिकायत संयुक्त शिक्षा निदेशक बस्ती से की गई है।

उन्होंने बताया कि अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी के आदेश दिनांक 7 फरवरी 2025 के द्वारा जनपद के सहायता प्राप्त विद्यालयों में तैनात 29 शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने का आदेश निर्गत किया गया है।



ये वे शिक्षक हैं जिनका भर्ती विज्ञापन 1 अप्रैल 2005 के पहले जारी हुआ था किंतु नियुक्ति 1 अप्रैल 2005 के बाद हुई थी। ऐसे में सरकार शिक्षक संगठन की मांग पर इन्हे पुरानी पेंशन योजना में सम्मिलित किया है।

निर्गत आदेश में हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज खलीलाबाद के प्रवक्ता मनोज कुमार मिश्रा, अरुण कुमार ओझा, इंद्रेशधर दुबे, अभिषेक कुमार सिंह, ज्ञान प्रकाश राय, नरेंद्र नाथ पांडेय, प्रहलाद राय बालिका इंटर कॉलेज की प्रवक्ता अरुंधति, नेहरू कृषक इंटर कॉलेज के प्रवक्ता रविंद्र कुमार चौरसिया, रजनी वर्मा, संत कबीर आचार्य रामविलास इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह, प्रवक्ता रामकुमार मौर्य, आदर्श इंटर कॉलेज सिहटीकर के प्रवक्ता धीरेन्द्र प्रताप सिंह को सम्मिलित किया गया है।

### अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी में मनमानी का आरोप

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व परीक्षा पटल सहायक पर अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी लगाने में मनमानी का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि ड्यूटी लगाते समय शिक्षकों की सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा गया है। उन्हें 30 से 40 किलो मीटर दूर के विद्यालयों में तैनाती दी गई है। जिन शिक्षकों ने अपनी कठिनाई बताई बात कर ड्यूटी काटने का अनुरोध किया है उनके भी नाम में संशोधन नहीं किया जा रहा है।

### दो दिन में इलाज करेंगे जीपीएफ कोड

जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित शिक्षकों का जीपीएफ कोड एक–दो दिन में एलाट करके उनकी कटौती प्रारंभ कराई जाएगी। कार्यालय पटल सहायक को इस संदर्भ में आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं।

## 12 वर्षीय छात्रा से किया दुष्कर्म वारदात

**बुलंदशहर।** जिले के अनूपशहर कोतवाली क्षेत्र में नगर निवासी घर से स्कूल जा रही 12 वर्षीय छात्रा को एक गैर समुदाय के युवक ने अपनी दुकान में खींचकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने पर सैकड़ों बजरंग दल के कार्यकर्ता कोतवाली पर पहुंच गए। उन्होंने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। प्राप्त विवरणनुसार एक इंटर कालेज में पीड़िता के चाचा ने बताया कि उनकी भतीजी कक्षा सात की छात्रा है। वह मंगलवार सुबह घर से पैदल ही स्कूल जाने के लिए निकली थी। स्कूल से कुछ पहले ही आरोपी दानिश की परचून की दुकान है। आरोपी ने अकेला पाकर उसे जबरन दुकान में खींच लिया। साथ ही आरोपी ने दुकान के अंदर ही उनकी भतीजी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

# प्रबंधक ठाकुर आकाश शास्त्री ने किया सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन कालेज प्रबंधक ठाकुर आकाश शास्त्री तथा ग्राम फीना की प्रधान पूजा रानी ने सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा ₹उठें समाज के लिए उठें उठें₹ लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दलीप कुमार ने विशेष शिविर में 7 दिन तक चलने वाले जन जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवियों से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए अपील की। वहीं द्वितीय इकाई का विशेष शिविर ग्राम अजुपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा के नेतृत्व में लगाया गया। इसका उद्घाटन कॉलेज प्रबंधक ठाकुर आकाश शास्त्री व ग्राम प्रधान संजीव यादव ने फीता काटकर किया।

शिविर के पहले दिन स्वयंसेवियों ने ग्राम फीना और ग्राम अजुपुरा में स्वच्छता अभियान चलाया। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली के माध्यम से छात्रों ने ग्रामीणों से स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। रैली में छात्र स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे।

इस मौके पर डॉ आर पी सिंह, डॉ शिवाली राजपूत, पिंकी यादव, नीशु देवल, छाया, रुक्मिणी देवी, सुषैन बाबू शर्मा, सचिन कुमार, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मदरसा अरबिया काशिफुल उलूम जातेडीहा दुबौलिया में वार्षिक परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** मदरसा अरबिया काशिफ उलूम जातेडीहा दुबौलिया में वार्षिक परीक्षा की समाप्ति के बाद बच्चों को प्रेरित करने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया। कक्षा 1 में प्रथम स्थान मुहम्मद आसिम द्वितीय स्थान आयत खान तृतीय स्थान असदुल्ला, कक्षा 2 में प्रथम स्थान मुहम्मद अल्तमश, द्वितीय स्थान हादिया खातून, तृतीय स्थान शगुफ्ता खातून, कक्षा 3 में प्रथम स्थान शाजान अहमद, द्वितीय स्थान मुहम्मद ताहा, तृतीय स्थान सबीहा खातून, कक्ष 4 में प्रथम स्थान मुहम्मद आसिफ, द्वितीय स्थान सलाहुद्दीन तृतीय स्थान अफीफा खातून, कक्षा 5 में प्रथम स्थान अबू जैद, द्वितीय स्थान मुन्जिर जमील तृतीय स्थान अबू साद ह्यं में प्रथम स्थान दानियाल असद, द्वितीय स्थान आरीश महबूब, तृतीय स्थान आयशा खातून को मिला। मौलाना शरीफ अहमद कासमी ने शिक्षा के साथ-साथ शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के बिना ज्ञान का कोई उद्देश्य नहीं है, उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कुछ खास बातों पर ध्यान दिलाया, उबैदुर्रहमान मजाहिरी ने कहा कि शिक्षकों के साथ-साथ माता-पिता की भी जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता पर नजर रखें। इस मौका पर नाजिम ए मदरसा महमूदुल हसन कास्मी हकीम मुहम्मद असद अलीग, करी महबूब आलम नादवी, हफिज तौफीक अहमद, अख्तर हुसेन, नजीर अहमद, लियाकत हुसैन, फेजान अहमद, मुहम्मद जाहिद, मकसूद अहमद, मास्टर मुहम्मद अतहर , हाफि ज यार मुहम्मद, मुहम्मद शरीफ, मौलाना नसीम अहमद हाफि ज, हिदायतुल्लाह, मौलाना उबैदुर्रहमान मोजाहिरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## छत से गिरकर युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव कनियान में एक युवक अपने मकान की छत से नीचे गिर गया परिजनों ने घायल अवस्था में उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव कनियान निवासी सोनू पुत्र कृष्णपाल ने सोमवार की रात शराब का सेवन किया हुआ था। परिजनों के अनुसार युवक शराब के नशे में मकान की छत पर चढ़ गया। मकान की छत पर चढ़ने के दौरान युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह मकान की छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने गंभीर अवस्था में नगर के राजकीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

# शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से की शिष्टाचार भेंट

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** प्राथमिक और जूनियर शिक्षक संघ की ब्लाक और जिला इकाई ने अपनी मांगों को लेकर सीईओ, डायट प्राचार्य और जिलाधिकारी को संयुक्त रूप से मुलाकात कर अपनी समस्याओं का ज्ञापन सौंपा ।जिलाध्यक्ष दीपक रावत के नेतृत्व में जिलाधिकारी मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं डायट प्राचार्य से शिष्टाचार वार्ता की।

जिसमें जिला कार्यकारिणी सदस्यों एवं ब्लाक कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय कराते हुए जिलाधिकारी से हुई वार्ता के क्रम में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का ज्ञापन सौंपा ।जिसमें पंचायत चुनाव 2025 में 55 वर्ष से अधिक आयु के शिक्षकों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने और अन्य शिक्षकों की समस्याएं उनके सम्मुख रखी ।जिलाधिकारी ने शिक्षक संघ द्वारा दी गई सभी समस्याओं पर अमल करते हुए व्यवस्था अनुरूप अपने स्तर से भरपूर सहयोग देने का भरोसा दिया।

शिक्षक संघ द्वारा प्राथमिक सहायक अध्यापक एवं जूनियर सहायक अध्यापक पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ कराई जाने, जनपद स्तर पर कोटीकरण की बैठक आयोजित कराई जाने, जनगणना अवकाश, पंचायत चुनाव, कॉविड कॉल के उपार्जित अवकाशों को स्वीकृत करते हुए शिक्षकों के सेवा पंजिका में अंकन कराए जाने, डायट में हो रहे लगातार प्रशिक्षणों को कम एवं रोस्टर से करने की मांग की गई।

वार्ता में जिला अध्यक्ष दीपक रावत, पूर्व जिला मंत्री इंद्रपाल धपोला, जिला मंत्री नवीन चंद्र मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष गरुड़ सुंदर सिंह नेगी, ब्लॉक महामंत्री बागेश्वर मनोज दयाराकोटी, ब्लॉक अध्यक्ष कपकोट कमलेश पांडे, ,ब्लॉक अध्यक्ष कांडा भारतेंदु पंत ,जगदीश दफौटी, मनोज पाण्डे, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंदोला, जीत राम, मेहरबान मेहता, गोपाल, चौबे, पंकज रावत आदि मौजूद थे।

# पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बाघनगर तथा इंटर कॉलेज मूड़ा डीहा बेग का युग्मन कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** विद्यालयों के अलगाव को समाप्त करने, एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा देने, शिक्षकों से बेहतर सहयोग एवं समन्वय के साथ ही विद्यालयों के बीच पारस्परिक सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण सृजन हेतु मंगलवार को युग्मन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पी.एम.श्री. उच्च प्राथमिक विद्यालय बाघ नगर के बच्चों ने नेशनल इंटर कॉलेज मुडाडीहा बेग की विजिट किया ।बच्चों ने वहां के बच्चों के साथ अपने अनुभवों एवं विचारों को साझा किया। नेशनल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल मुजीबुल्लाह और अब्दुर्रहीम प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में विद्यालय के प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब एवं ऑडिटोरियम इत्यादि को देखा एवं इसके संबंध में जानकारी दी गई। अब्दुर्रहीम ने बताया किस्कूल युग्मन कार्यक्रम दो अलग-अलग पृष्ठभूमि वाले स्कूलों के बीच संसाधनों और सर्वोत्तम परीक्षाओं को साझा करने के लिए एक साझेदारी है। इसका लक्ष्य अकादमी प्रदर्शन में सुधार करना और अधिक समावेशी वातावरण बनाना है ।युग्मित विद्यालयों के बीच अकादमिक और सहपाठयचर्या संबंधी गतिविधियों तकनीक की पहचान और सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को सहज करने हेतु अवसर प्रदान किया गया । इस अवसर पर नेशनल इंटर कॉलेज मूड़ा डीहा बेग के प्रिंसिपल मजीबुल्लाह, वाइस प्रिंसिपल बदरे आलम , रईस अहमद, निसार अहमद, खालिद कमाल अबुर्रहीम जलालुद्दीन मौजूद रहे।

नेशनल इंटर कॉलेज मूड़ा डीहा बेग के समस्त स्टाफ ने सहयोग कर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया

## फंदे से लटकती मिली युवती की लाश

**बेलहर, संतकबीरनगर।** बेलहर थाना क्षेत्र के भेलाखर्ग खुर्द गांव में एक किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। स्वजनों ने एक युवक पर शादी से इनकार करने और दहेज मांगने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना सोमवार देर शाम की है। मृतका की पहचान प्रिया (17 वर्ष), पुत्री राधेश्याम के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, प्रिया ने छत की कुंडी में रस्सी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की मां सोनी देवी ने बताया कि उनके पांच बच्चे हैं, जिनमें प्रिया सबसे छोटी थी। सोमवार को जब वह किसी काम से निकट के चौराहे पर गई थीं, तभी बेटी का फोन आया और उसने पूछा कि वह कहां हैं। सोनी देवी ने बताया कि वे चौराहे पर हैं। कुछ देर बाद जब वह घर लौटीं तो प्रिया को फंदे से लटका पाया। परिजनों का आरोप है वह किसी लड़के से बात करती थी और शादी से इंकार करने पर इसी बात से आहत होकर प्रिया ने आत्महत्या कर ली।

# विशेष शिविर के पंचम दिवस को मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया




**वेलकम इंडिया**

**नूरपुर।** देवता महाविद्यालय मोरना में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत पंचम दिवस को मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया गया। सभी कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवक / स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर रैली एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सभी ग्रामवासियों को मानवाधिकार के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार सिंह एवं प्राचार्य डॉ लोकवीर सिंह एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ राशिद खान ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमें ने केवल अपने अधिकारो के प्रति सजक रहना चाहिए।

इस अवसर पर समस्त कार्यक्रम अधिकारी एवं देवता महाविद्यालय मोरना परिवार से डॉ देवेंद्र कुमार, डॉ अशोक कुमार ,डॉ सूरजभान सिंह, डॉ विवेक चौधरी, डॉ देवेंद्र कुमार बी एड विभाग, सुनील यादव, मनमोहन सिंह, डा पल्लवी सैनी, डॉ मीनाक्षी सैनी, डॉ सुमित्रा देवी, पदम कुमार, दिनेश कुमार वर्मा, कोमल सिंह, पवन कुमार राणा ,कु निपेंसी आदि उपस्थित रहे

कार्यक्रम के सफल संचालन में भूपेंद्र सिंह, महिपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, कार्यालय प्रभारी सुनील कुमार, प्रदीप चौहान, नरदेव सिंह, सुखदेव सिंह, निरंजन सिंह और ग्राम प्रधानों का सहयोग सराहनीय रहा।

# इज्जतनगर थाना पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, तीन फरार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में सोमवार रात पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें शातिर अपराधी सचिन सैनी उर्फ चुटकुला गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके साथी अभिषेक चौधरी को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। तीन अन्य अपराधी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है।

सोमवार देर रात इज्जतनगर पुलिस टीम मल्हपुर पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कलापुर पुलिया की ओर से दो मोटर साइकिलों पर पांच संदिग्ध व्यक्ति आते दिखे। पुलिस ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की तो वे तेजी से भागने लगे और एक पुलिसकर्मी के कंधे पर डंडे से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी नहर की पटरी की ओर भागने लगे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ घेराबंदी करने पहुंचे। जब पुलिस ने अपराधियों को रोकने की कोशिश की, तो बदमाशों ने जान से मारने की नियत से पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें सचिन सैनी उर्फ चुटकुला को पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। उसके साथी अभिषेक चौधरी को पुलिस ने मौके से ही दबोच लिया, जबकि तीन अन्य आरोपी सुनील, राहुल शर्मा उर्फ टीनू और शेर सिंह उर्फ शेरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

सचिन सैनी उर्फ चुटकुला पर 22 मुकदमे दर्ज हैं और यह 2024 में न्यायिक अभिरक्षा से फरार हो चुका है। वहीं अभिषेक चौधरी पर 23 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने इनके पास से एक 32 बोर का तमंचा, 2 खोखा कारतूस, 2 जिंदा कारतूस, 3,900 रुपए नगद, दो मोबाइल फोन, एक डंडा, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

मुठभेड़ के दौरान उपनिरीक्षक अनूप सिंह और सिपाही राजेश कुमार भी घायल हो गए। पुलिसकर्मियों और बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटनास्थल से फरार हुए तीन अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। फरार सुनील अमरसिया कैंट के खिलाफ 15 मुकदमे दर्ज हैं, राहुल शर्मा उर्फ टीनू छोटी बाजार के खिलाफ 11 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं शेर सिंह उर्फ शेरा बरी नगला के खिलाफ 7 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया है कि यह गैंग जिलेभर में लूट, चोरी और नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देता था। इन पर बरेली के थाना सीबीगंज, फतेहगंज, मीरगंज, भुता, बिथरी चैनपुर और भोजीपुरा में भी कई मामले दर्ज हैं। इस मुठभेड़ के बाद इज्जतनगर पुलिस ने बताया है कि गिरफ्तार अपराधियों पर पहले से ही कई संगीन मामले दर्ज थे और वे लंबे समय से पुलिस के निशाने पर थे। इनकी गिरफ्तारी से बरेली में लूट और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा। फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# रोडवेज बस और कार की भीषण टक्कर से मशहूर कव्वाल सईम और अकरम की मौत, कई घायल

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** थाना शाही क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें पीलीभीत के मशहूर कव्वाल सईम (55) और अकरम (32) की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में अरशद कव्वाल समेत उनकी टीम के पांच सदस्य भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। अरशद कव्वाल, जिन्हें अरशद काम्बली के नाम से जाना जाता है, पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के गहलुईया गांव के निवासी हैं। वे अलीगढ़ में एक कव्वाली कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के बाद अपने गांव लौट रहे थे।

बरेली के नवाबगंज क्षेत्र में धौरेरा गांव के पास उनकी इनोवा गाड़ी टनकपुर डिपो की रोडवेज बस से टकरा गई। बस टनकपुर से बरेली की ओर आ रही थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में सईम कव्वाल और उनके सहयोगी अकरम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरशद काम्बली, वहीद बेग, जावेद और शोहरत गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। नवाबगंज पुलिस ने इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि बाकी घायलों का इलाज जारी है। कव्वाली जगत में इस हादसे से शोक की लहर दौड़ पड़ी है, बरेली और पीलीभीत के लोग सदमे में हैं। अरशद काम्बली और उनकी टीम कव्वाली की दुनिया में एक बड़ा नाम हैं, जिनके लाखों प्रशंसक हैं। इस घटना ने उनके चाहने वालों को गहरे दुख में डाल दिया है।

# न्यू हैवन इंटर कॉलेज में मदरसा बोर्ड की परीक्षा हुई शुरू



**नूरपुर।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षा 2025 न्यू हैवन इंटर कॉलेज नूरपुर में आयोजित की जा रही है 17 फरवरी से 22 फरवरी तक उक्त परीक्षा न्यू हैवन इंटर कॉलेज नूरपुर में आयोजित की जा रही है। न्यू हैवन इंटर कॉलेज के प्रबंधक नफीस अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम पेपर की परीक्षा 17 फरवरी को शुरू हुई उक्त परीक्षा केंद्र पर कल 176 छात्र वह छात्राओं ने परीक्षा दी। परीक्षा में कुल 86 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रभारी अशोक कुमार व केंद्र व्यवस्थापक शमशाद अहमद ने उक्त परीक्षा शांतिपूर्वक व सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए अपना पूरा सहयोग दिया। परीक्षाकाल में सलीम अहमद एडीओ नूरपुर भी मौजूद रहे। परीक्षा दो शिफ्ट में आयोजित की जा रही है। प्रथम पारी सुबह 8 बजे से 11 बजे तक द्वितीय पारी दोपहर 2 से 5 बजे तक है।

# जिले में बढ़ता आवारा जानवरों का आतंक, प्रशासन बेखबर

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** शहर और कस्बों में आवारा जंगली जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बंदरों, कुत्तों और जंगली सूअरों के हमले से लोग घायल हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहा है। ताजा घटनाओं में शहर और मीरगंज में एक व्यक्ति और एक मासूम कुत्ते और बंदरों के हमले में घायल हो गए, जबकि भुता क्षेत्र में जंगली सूअर के हमले में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। थाना प्रेम नगर क्षेत्र के भूड़ मोहल्ले में सोमवार देर शाम 40 वर्षीय विनोद पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। खुद को बचाने के प्रयास में वे छत से गिर गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

परिवार वालों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाई और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इलाके में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, लेकिन प्रशासन इसे नजरअंदाज कर रहा है। एक अन्य घटना में मीरगंज के लभारी गांव निवासी सैफुर अली का दो वर्षीय बेटा अब्दुल रहीम घर के बाहर खेल रहा था, तभी एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया।

बच्चे की चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने कुत्ते को भगाया और तुरंत उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेबीज और टिटनेस का इंजेक्शन लगाकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं बरेली के थाना भूता के गांव फैजनगर में 17 वर्षीय अनुराग को जंगल में लकड़ी बीनने के दौरान जंगली सूअर ने हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में अनुराग का पैर फ्रैक्चर हो गया। परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी सेंटर में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज जारी है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इन घटनाओं से शहर और कस्बों में बंदरों, कुत्तों और जंगली जानवरों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए खतरा बन चुकी है। आए दिन होने वाली ऐसी घटनाओं से लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

स्थानीय लोग कई बार प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं निकाला गया, तो यह और भयावह हो सकती है। इन आवारा जानवरों के हमले से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। उसके बाद भी प्रशासन अभी तक जागा नहीं है

# पुरानी परंपरा कटघोड़वा नाच को अभी भी संजोने में जुटे युवा और बुजुर्ग



**बेलहर, संतकबीरनगर।** समय के साथ कई पारंपरिक लोक नृत्य विलुप्ति की कगार पर पहुंच गए हैं, लेकिन कुछ समर्पित युवा और बुजुर्ग आज भी अपनी संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए प्रयासरत हैं। ऐसा ही एक प्रयास कटघोड़वा (चमरुआ) नाच को बचाने के लिए किया जा रहा है।

इसी कड़ी में बेलहर विकास खण्ड क्षेत्र ग्राम पंचायत पिपरा प्रथम के हरिजन बस्ती पचमनहा गांव सोमवार रात्रि में नाच हुआ, कम्पनी मास्टर राम अवध ने बताया कि हम अपनी प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं कि जिससे समाज में एक अलग पहचान बनी रही। कटघोड़वा नाच, जो अपनी अनूठी शैली और लोक-संस्कृति की झलक के लिए जाना जाता है, वर्षों से समाज में मनोरंजन और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। इस नृत्य में कलाकार घोड़े जैसी पोशाक पहनकर विशेष ताल और लयबद्ध गति के साथ प्रस्तुति देते हैं। युवाओं का कहना है कि वे बुजुर्गों से इस नृत्य की बारीकियां सीख रहे हैं और आने वाली पीढ़ी तक इसे पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

गांव में समय-समय पर होने वाले मेलों, सांस्कृतिक आयोजनों और त्योहारों में कटघोड़वा नाच की प्रस्तुतियां लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ रही हैं।

# शादी के नाम पर ठगी, न दुल्हन मिली, न पैसे! उल्टा बेटा भी बंधक बना लिया गया

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** शादी के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह ने एक मां को अपने जाल में फंसा लिया। गिरोह ने पहले 50,000 रुपये लेकर बेटे की शादी कराई, लेकिन इस शादी में बहू तो सिर्फ दिखावा थी। शादी के तीसरे ही दिन घर से जेवर-कपड़े समेटकर बहू भाग गई। जब मां ने आरोपियों से इसकी शिकायत की, तो उसे गालियां और जान से मारने की धमकियां मिलीं। हद तो तब हो गई जब उसका बेटा भी गायब कर दिया गया। किसी तरह वह आरोपियों के चंगुल से छूटकर वापस आया और अपनी मां को आप बीती बताई। जिसके बाद मां ने आरोपियों के खिलाफ थाना सीबीगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना सीबीगंज क्षेत्र के ग्राम घुरा निवासी रामा देवी का आरोप है कि दो व्यक्ति चेतराम निवासी ग्राम सादुल्लापुर और उदयवीर (ग्राम अतरछेड़ी) उनके पास आए और बेटे खुशाली की शादी करवाने की बात कही। शादी की शर्त यह थी कि उन्हें 50,000 रुपये खर्च करने होंगे। मां ने बेटे की खुशी के लिए रकम दे दी। आरोपी बेटे खुशाली को लेकर सीतापुर गए और वहां से पूनम नामक लड़की को लाए। मंदिर में शादी करवाई और उसे घर भेज दिया। लेकिन तीन दिन बाद पूनम सारा सामान लेकर फरार हो गई।

जब रामा देवी ने चेतराम और उदयवीर से पैसे वापस मांगे, तो वे टालमटोल करने लगे। कुछ दिन बाद, 29 नवंबर 2024 को, चेतराम प्रार्थिनी के दूसरे बेटे चरन सिंह और खुशाली को बलिया रेलवे स्टेशन लेकर गया। वहाँ से खुशाली को हुकुम सिंह निवासी ग्राम इंदरपुर, थाना कटरा, जिला शाहजहांपुर के साथ भेज दिया और कहा कि सुबह तक लड़की और खुशाली दोनों वापस आ जाएंगे। लेकिन दो दिन बीत गए खुशाली का कोई पता नहीं चला। परिवार ने उसकी हर जगह तलाश की, लेकिन खुशाली का कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार, 3 दिसंबर को सभी वापस लौट आए, परंतु खुशाली अब भी लापता था। 4 दिसंबर 2024 को सुबह, खुशाली बदहवास हालत में अपने घर पहुंचा। उसने जो कहानी सुनाई, वो रोंगटे खड़े कर देने वाली थी। हुकुम सिंह और चेतराम ने उसे तीन दिन तक एक कमरे में बंद रखा, भूखा-प्यासा रखा और मारने की साजिश रची। किसी तरह वह जान बचाकर भाग निकला, और अपने घर पहुंचा।

# थाना सीबीगंज क्षेत्र के पस्तौर गाँव के 55 साल के ग्रामीण पर जानलेवा हमला

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** जिले में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। सोमवार देर रात सीबीगंज के पस्तौर इलाके में दो बदमाशों ने एक घर में घुसकर 55 वर्षीय बुजुर्ग पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे पीड़ित लीलाधर को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें पहले जिला अस्पताल और फिर एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया। पीड़ित लीलाधर के अनुसार, रात करीब 2 बजे वह अपने घर में सो रहे थे, तभी दो नकाबपोश बदमाश दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आए। एक बदमाश के पास तमंचा था, जबकि दूसरे के पास तेज धार वाला चाकू, अचानक हुई आहट से लीलाधर की नींद खुल गई। उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए तमंचा लिए बदमाश को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन तभी दूसरे बदमाश ने उन पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। पेट, पीठ और हाथ पर कई वार किए गए, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। चीख-पुकार सुनकर परिजन जागे, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। लीलाधर का कहना है कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है, इसलिए यह हमला लूटपाट की मंशा से किया गया होगा। बदमाशों के हमले के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और शोर मचा दिया, जिससे घबराकर बदमाश भागने पर मजबूर हो गए। लीलाधर ने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को घटना की सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लीलाधर को जिला अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें एक निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# गोली हत्याकांड में वांछित चौथा आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**वेलकम इंडिया**



**हसायन।** अवगत कराना है कि दिनांक 4 फरवरी 2025 को विपिन कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम शीलतवाला थाना हसायन ने लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि अभियुक्तगण द्वारा उसके पिता राजेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी है। जिसके संबंध प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना हसायन पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा उक्त उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी हसायन को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में थाना हसायन पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक चार फरवरी को अभियोग मे नामजद 2 आरोपी राहुल व अशोक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, तथा दिनांक 10 फरवरी को थाना हसायन पुलिस द्वारा घटना में शामिल तीसरे आरोपी विशाल पुत्र सीटू को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उक्त घटना में शामिल अन्य नामजद आरोपी ओमवीर की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे थे। जिसके क्रम में मंगलवार को थाना हसायन पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल चौथे आरोपी ओमवीर पुत्र कैलाश निवासी नगला डांडा थाना हसायन जनपद हाथरस को नगला डांडा से कलुपुरा जाने वाले रास्ते पर सरकारी स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना हसायन पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिपूर्ण कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने ओमवीर पुत्र कैलाश निवासी नगला डांडा थाना हसायन को जेल भेजा है।

# मानसी गंगा में काई जमने की सूचना पर चेयरमैन ने निरीक्षण कर तत्काल सफाई के निर्देश दिए

**वेलकम इंडिया**



**गोवर्धन।** मानसी गंगा के पानी पर एकाएक काई जमने की सूचना पर नगर पंचायत चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने मानसी गंगा पहुंच कर निरीक्षण कर अधीनस्थों को तत्काल पानी से काई हटाने के निर्देश दिए। नगर पंचायत के आधा दर्जन कर्मचारी मानसी गंगा से काई की सफाई में जुट गए।

बता दे कि विगत दो दिन में मानसी गंगा के पानी पर एकाएक काई की परत जम जाने से आस पास काई की दुर्गंध व्याप्त हो गई।

सूचना पर नगर पंचायत चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा मंगलवार दोपहर अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ मानसी गंगा पहुंची। जहां काई को तत्काल हटाने के निर्देश प्रभारी अधिशाषी अधिकारी, लिपिक मोहन श्याम अग्रवाल व सफाई सुपरवाइजर नानक चंद शर्मा को दिए। चेयरमैन ने सफाई के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाने के भी निर्देश दिए। बता दे कि प्रतिदिन मानसी गंगा की सफाई के लिए एक महिला कर्मचारी सहित कुल तीन कर्मचारी तैनात है। काई का जमना एकाएक मौसम में आए परिवर्तन को माना जा रहा है।

चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने बताया कि मानसी गंगा के पानी से काई की सफाई के लिए करीब आधा दर्जन सफाई कर्मी जुट है। वही मानसी गंगा का एयरेंशन प्लांट भी चौबीस घंटे चलाने के निर्देश दिए है।

जल्द ही मानसी गंगा का पानी साफ होने की उम्मीद है।

## नहाते समय वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने का आरोप

**कांधला।** महिला की नहाते समय वीडियों बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देने के मामले में पीडिता ने थाने में पहुंचकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने उसे जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र की एक महिला ने थाने पहुंचकर बताया कि गांव निवासी एक युवक ने तीन माह पहले उसकी नहाते समय वीडियों बना ली थी। जिसके बाद से वह समय - समय पर वीडियों वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ बालात्कार करता चला आ रहा है। सोमवार का जब महिला के पति कार्य के सिलसिले में हरियाणा गए हुए थे। उसी समय इस्तखार एक बार फिर उसके घर आया तथा उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। उसके विरोध करने पर उसके पीडिता के साथ मारपीट करते हुए वीडियों वायरल करने की धमकी देने लगा। आरोपी युवक के उत्पीडन से तंग आकर पीडिता ने थाने पहुंचकर कार्यवाही की मांग की है।

# बुद्ध स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार, नौकरी के नाम पर लड़कियों को बनाते थे शिकार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में स्थित बुद्ध स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे मानव तस्करी और जबरन देह व्यापार के गोरखधंधे का पुलिस ने खुलासा किया है। नौकरी का झांसा देकर भोली-भाली युवतियों को फंसाने और विरोध करने पर उन्हें बंधक बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में स्पा सेंटर के मुख्य संचालक मोनू चौधरी समेत अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश जारी है।

**कैसे हुआ स्पा सेंटर के गोरखधंधे का खुलासा:** सोमवार को प्रेमनगर क्षेत्र में स्थित बुद्ध स्पा सेंटर से एक युवती की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। डायल 112 को मिली इस जानकारी के आधार पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। रिसेप्शन पर मौजूद महिला मैनेजर संदेहास्पद जवाब देने लगी, जिसके बाद पुलिस ने अंदर छापा मारा और इस घिनौने खेल का पदार्फाश हो गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार युवतियों और दो पुरुषों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा और उन्हें थाने ले जाया गया। पूछताछ के दौरान एक पीड़िता ने बताया है कि उसे 15 फरवरी को सुबह 10:30 बजे नौकरी के बहाने इस स्पा सेंटर में बुलाया गया था, लेकिन पहुंचते ही उसे बंधक बना लिया गया। उसने बताया कि स्पा सेंटर का मालिक मोनू चौधरी भोली-भाली युवतियों को अच्छी नौकरी का लालच देकर बुलाता और फिर जबरन देह व्यापार में धकेल देता। पुलिस ने इस पूरे मामले में मानव तस्करी, जबरन बंधक बनाने और देह व्यापार से जुड़े गंभीर अपराधों के तहत केस दर्ज किया है। साथ ही, इस गिरोह के अन्य सदस्यों और स्पा सेंटर से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

## एसएसपी ने दिए सख्त कार्रवाई के आदेश

बरेली में मसाज पार्लर और स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का धंधा तेजी से बढ़ रहा है। सिविल लाइंस, रामपुर गार्डन, बरेली कॉलेज, डीडी पुरम और पीलीभीत बायपास जैसे इलाकों में भी इस तरह की गतिविधियां संचालित होने की सूचना है। एसएसपी अनुराग आर्य ने अवैध रूप से चल रहे सभी स्पा सेंटरों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस संचालित और अवैध गतिविधियों में लिप्त स्पा सेंटरों को बंद कराया जाएगा और उनके मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सीएचसी टाण्डा में 40 टीबी मरीजों को दी गयी पोषण किट

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेडिको खेतान की तरफ से 40 टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया।

मंगलवार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रेडिको खेतान की ओर से टीबी मरीजों के लिए पोषण किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सतवीर सिंह के हाथों 40 क्षय रोगियों को पोषण किट वितरित की गईं और उनके उपचार में हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया गया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सतवीर सिंह ने क्षय रोगियों को संतुलित पोषण आहार के महत्व को समझाते हुए दैनिक जीवन में साफ सफाई की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि रेडिको खेतान द्वारा गोद लिए गए 40 रोगियों को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी पोषण पोटली वितरित करना एक महत्वपूर्ण पहल है, जो उनके इलाज को प्रभावी बनाने में मदद करेगा। सही पोषण से रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और वे जल्दी स्वस्थ हो सकते हैं।प्रधानमंत्री द्वारा 2025 तक भारत को क्षय रोग मुक्त करने का संकल्प एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, जिसे शासन, स्वास्थ्य कर्मियों, सामुदायिक संगठनों,कम्पनियों और आम जनता के सहयोग से ही प्राप्त किया जा सकता है। नियमित जांच, समय पर दवा, पोषण समर्थन और जागरूकता अभियान इस मिशन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

कार्यकम में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सतवीर सिंह, बालरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजय कुमार, सहायक शोध अधिकारी पारूल शर्मा, सीनियर टीबी सुपरवाइजर नासिर अली, सुपरवाइजर जितेन्द्र पाराशर सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा

## हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से कार में सवार दो लोग घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित गांव जसाला के निकट कार में सवार दो लोगों को की कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। कार में सवार दोनों युवक घायल हो गए राहगीरों सुचना 108 एंबुलेंस को दी, 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी अनिल एवं राहुल अपनी कार में सवार होकर किसी कार्य से शामली की ओर जा रहे थे। राहगीरों के अनुसार दोनों लोगों ने शराब पी रखी थी और कार सवार दोनों लोगों ने नशे में होने के कारण अपनी कार हाईवे पर खड़ी कर दी। पीछे से तेज गति से आए किसी अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी कार में सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस के कर्मचारियों ने दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# भगतपुर की समस्त न्यायपंचायतों में शिक्षक संकुल बैठकों का हुआ सफल आयोजन

वेलकम इंडिया




**टाण्डा।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निदेर्शानुसार मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस के मार्गदर्शन में ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा की समस्त न्याय पंचायतों में शिक्षक संकुल बैठकों का सफल आयोजन हुआ। बैठक में पूर्ण मनोयोग से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने तथा दीक्षा एप आदि का शिक्षण कार्य में प्रयोग किए जाने पर चर्चा की गई।

मंगलवार को विभागीय एजेंडे के अनुसार ब्लॉक भगतपुर टाण्डा की समस्त न्यायपंचायतों रानीनांगल, पीपलसाना, महेशपुर खेम, कांकरखेड़ा भगतपुर-टांडा और भवानीपुर में शिक्षक संकुल बैठकों का सफल आयोजन हुआ।न्यायपंचायत रानीनांगल की मासिक शिक्षक संकुल बैठक प्राथमिक विद्यालय डांडी दुर्जन में आयोजित हुई।बैठक में बच्चों के शैक्षिक स्तर को बेहतर बनाने हेतु प्रिंटरिच सामग्री किट्स,खेल आधारित शिक्षण,दीक्षा एप तथा यू ट्यूब के माध्यम से साझा किए जा रहे प्रशिक्षण वीडियोज का शिक्षण कार्य में प्रयोग किए जाने हेतु शिक्षकों को प्रोत्साहित किया गया।साथ ही निपुण तालिका,रिमीडियल शिक्षण,ईको क्लब के गठन एवं उद्देश्य, निपुण भारत मिशन और जोड़ और घटाव के सवालों को हल करने की विभिन्न विधियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

न्यायपंचायत प्रभारी एवं वरिष्ठ शिक्षक संकुल मोहम्मद आकिल चौधरी,शिक्षक संकुल राजेन्द्र कुमार ने शिक्षकों से पूर्ण मनोयोग से विभिन्न तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए शिक्षण कार्य करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर शिक्षा मित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अशरफ अली पाशा, मोहम्मद लईक सैफी, राकेश कुमार वर्मा,देशराज सिंह, हरिशंकर गौतम, कुलवीर सिंह,विजय लक्ष्मी चाहर, शाजिया अहसन, नाजरीन, बबिता भटनागर, श्वेता रानी,कंचन सरन और सीमा तोमर आदि मौजूद रहे।

## पशुओं के सरकारी दवा जलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** राजकीय पशु चिकित्सालय बर्डपुर में सरकारी दवा जलाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो के अनुसार राजकीय पशु चिकित्सालय के कर्मचारियों ने सरकारी दवा जो जानवरों के इलाज के लिए आई थी, 2026 में एक्सपायर होने वाली थी, उसको भी आग के हवाले कर दिया गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पशु चिकित्सालय में कुत्ते का इलाज कराने आई युवती ने जली दवाइयां देखकर बताया कि जो दवाएं 2026 में एक्सपायर होंगी, उसको भी एक्सपायर दवाओं के साथ बड़ी मात्रा में जला दिया गया है। अस्पताल में ही नॉन एक्सपायर अधजली दवाइयों का ढेर मौजूद है। अस्पताल के कर्मी पशु चिकित्सालय के डॉक्टर सुबह से नदारद हैं। अस्पताल में पशु का इलाज कराने आए लोग इधर-उधर चक्कर लगा रहे हैं। इस संबंध डॉ. विनोद पांडेय ने बताया कि आज हम बोर्ड परीक्षा के मीटिंग में थे। मेरे पास बर्डपुर अस्पताल का अतिरिक्त चार्ज है। मुझे बर्डपुर अस्पताल में क्या हुआ कुछ मालूम नहीं है। वहां कंपाउंडर है। कल जाकर देखूंगा क्या हुआ है।

## विद्यालय में कम बच्चे व खराब सब्जियां को देख बीएसए ने प्रधानाचार्य को लगाई फटकार

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) श्रीप्रकाश सिंह ने शोहरतगढ़ ब्लाक क्षेत्र के टेड़िया बाजार के उच्च प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में नामांकन के आधे से भी कम बच्चों को देख व खराब सब्जियां को देख बीएसए ने प्रधानाध्यापक को कड़ी फटकार लगाई। विद्यालय में 215 बच्चों का नामांकन है, उसके सापेक्ष केवल 83 बच्चों की उपस्थिति रही। बीएसए ने इसपर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें। रसोई कक्ष देखा तो उसमें सड़ा व खराब आलू व गोभी, टमाटर देख प्रधानाध्यापक हरेन्द्र मिश्र को कड़ी फटकार लगाई। वहीं प्रधान प्रतिनिधि अजय चौहान ने बीएसए से शिकायत कर कहा कि प्रधानाध्यापक की कार्यप्रणाली ठीक नहीं है। यह विद्यालय आने के समय जिला मुख्यालय पर मीटिंग का हवाला देकर चले जाते हैं। प्रधान ने मिड-डे मील में अनियमितता की शिकायत की। बीएसए ने बीईओ संतोष शुक्ल शिकायत की जांच कर आख्या देने का निर्देश दिया है।

## आदर्श पब्लिक स्कूल में छात्राओं द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन



**कांधला।** कस्बा स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल में छात्राओं द्वारा फूड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा किया गया। कस्बे के आदर्श पब्लिक स्कूल में मंगलवार को फूड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थ बनाए गए। स्कूल परिसर में मौजूद मुख्य अतिथि सहित अभिभावकों और मौजूद लोगों ने छात्राओं द्वारा तैयार भोज्य पदार्थों का स्वाद लिया और छात्राओं की सराहना की। निर्णायक टीम ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं शुमायला,जिया,लवी परी समूह को प्रथम, दुहा,रिया,जिया, पायल,अंजली समूहद्वितीय और इशिका, त्रिशा,प्रिया,नंदनी समूह की तृतीय स्थान पर घोषणा करते हुए छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निर्णायक टीम में प्राचार्या प्रमोद कुमारी, डॉक्टर बृजभूषण,डॉक्टर श्याम,डॉक्टर रामायण में शामिल रहे। सभासद पति अनिल बोहरा, तेजपाल, चन्दगी, किरणपाल, परवीन ने संयुक्त रूप से छात्राओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक रविता, प्रधानाचार्य दीपक कुमार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान मरियम, फारिया,राजकुमार शर्मा,वैष्णवी,अंकित आदि मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न करने का आरोप पुलिस जांच में जुटी

**कांधला।** एक महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर उसका यौन उत्पीडन करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह एक भट्टे पर कार्य करती है। कार्य करने के दौरान वहां के मुन्शी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया तथा बाद में उसे शादी का आश्वासन देकर पिछले काफी समय से उसका यौन उत्पीडन करता रहा। पीडिता अब उससे अपने साथ शादी करने के लिए दबाब बना रही थी तो वह उसे सिर्फ आश्वासन देता रहा तथा अब आकर उसने पीडिता के साथ शादी करने से मना कर दिया। जिसके चलते पीडिता मानसिक रूप से परेशान है। पीडिता ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# सुगम व सुव्यवस्थित भीड़ प्रबंधन एवं यात्री सुरक्षा की दिशा में मंडल के प्रतिबद्ध प्रयास

वेलकम इंडिया






**लखनऊ।** महाकुंभ-25 के अंतर्गत उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ जंक्शन, वाराणसी जंक्शन, अयोध्या धाम तथा अयोध्या कैंट स्टेशनों पर भारी संख्या में रेल यात्रियों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आवागमन हो रहा हैक ऐसे में निर्बाध और सुगम भीड़ प्रबंधन, यात्री सुरक्षा एवं यात्री सुविधा की बात को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तथा इस बारे में नई नीतियों का निर्माण करते हुए इस दिशा में मंडल निरंतर पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रयत्नशील है। इन सारी व्यवस्थाओं की मॉनीटरिंग स्वयं महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली, अशोक कुमार वर्मा द्वारा की जा रही है। मंडल रेल प्रबंधक, एस.एम. शर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों तथा कर्मचारियों को अधिक से अधिक सतर्क और जागरूक रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विभिन्न नीतियों को अमल में लाते हुए भीड़ और यात्री प्रबंधन तथा उनकी सुरक्षा व्यवस्था को अधिकाधिक सुदृढ़ और सुगठित किया गया है। एक प्रभावी व्यूह रचना का निर्माण करते हुए स्टेशन पर आने से लेकर यात्रियों के सकुशल रवाना होने तक की पूरी कार्यप्रणाली को एक सुनियोजित योजना के अनुसार संचालित किया जा रहा है। इस कार्य के सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए स्टेशनों पर कार्यरत सभी विभागों के कर्मचारी आपसी सहयोग, तालमेल और सामंजस्य से काम कर रहे हैं। पलट प्रवाह एवं आगामी शिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए वाराणसी जंक्शन की व्यवस्थाओं को विशेष रूप से चुस्त दुरुस्त करते हुए। महाप्रबंधक द्वारा इन प्रबंधनों की निरंतर निगरानी और समीक्षा की जा रही है और इस संबंध में आवश्यक सुझाव और निर्देश पारित किए जा रहे हैं। सभी स्टेशनों के अधिक संवेदनशील स्थानों प्रवेश एवं निकास द्वार, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफॉर्म, यात्री आश्रय इत्यादि को चिन्हित करते हुए चौबीस घंटे कार्य किया जा रहा है। इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि केवल अधिकृत रेलयात्री ही प्लेटफॉर्मों पर प्रवेश करें तथा स्टेशन एवं परिसर में अनावश्यक भीड़भाड़ को कदापि न एकत्र होने दिया जाए। इसके साथ ही कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी अपने कार्य के दौरान वरिष्ठ नागरिकों, वृद्धों, बीमारों,बच्चों, अशक्त एवं असहाय यात्रियों की यथासंभव सहायता करें। इसके अतिरिक्त मेला स्पेशल गाड़ियों का निर्धारित समय पर संचालन करने, दिशावार उनका निर्धारित प्लेटफॉर्म, उनकी उद्घोषणा करने तथा मांग के अनुसार अतिरिक्त गाड़ियों के संचालन की व्यवस्था की गई है।

# डीएम ने कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय का किया निरीक्षण मिड डे मील का भोजन भी चखा

वेलकम इण्डिया



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** जिले के विकास खण्ड शोहरतगढ़ अन्तर्गत कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय अलीदापुर का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 255 बच्चों का नामांकन है, जिसमे 200 बच्चे उपस्थित थे। बच्चे ड्रेस पहने थे। जिलाधिकारी ने रसोइया को निर्देश दिया कि पूरे ड्रेस में रहें। मिड-डे मील मीनू के अनुसार बना हुआ था।

जिलाधिकारी द्वारा भोजन की गुणवत्ता को खाकर चेक किया गया। गुणवत्ता ठीक पायी गयी। इसके साथ कक्षा-2 के छात्र कृष्णा से वार्ता की तथा गणित का सवाल हल कराया। इसके साथ ही पीटीएम रजिस्टर, निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर, मिड्डे मील रजिस्टर आदि को देखा गया। जिलाधिकारी ने आय-व्यय की फ्लैक्सी लगवाने का निर्देश दिया।

इस दौरान जिले के अन्य अधिकारी, ब्लाक अध्यक्ष जफर आलम, प्रधानाध्यापक, अध्यापक, शिक्षामित्र व रसोइया मौजूद रहीं।

## विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर में दूसरे दिन

# कबड्डी, चैस, बैडमिंटन, खो खो एवं बॉलीबाल की प्रतियोगिता हुई

वेलकम इंडिया



**बिजनौर।** कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मैच मैरी कॉम हाउस एवं राठौर हाउस की बीच हुआ जिसमें राठौर हाउस 6 अंको से विजयी रहा, सिंधु हाउस ने भाकर हाउस को 20 अंको से हराया। राठौर हाउस ने बिन्द्रा हाउस को 7 अंको से परास्त किया।

बॉलीबाल प्रतियोगिता में सिंधु हाउस को चोपडा हाउस ने 2-0 से हराया वही राठौर हाउस ने भाकर हाउस को 2-0 से हरा दिया। बिन्द्रा हाउस कों चोपडा हाउस को हराकर फाइनल में अपनी जगह बना ली वही भाकर हाउस को मैरी कॉम हाउस को 2-0 से परास्त किया।

बैडमिंटन के बालक वर्ग एकल में क्वाटर फाइनल में टाइगर, लायन और ईगल ने अपनी जगह बना ली है। बैडमिंटन के बालिका वर्ग एकल में पैंथर, टाइगर, लायन और ईगल ने क्वाटर फाइनल में प्रवेश ले लिया है। बालक वर्ग डबल में क्वाटर फाइनल में पैंथर और ईगल के बीच होगा तथा एलीगेटर और पैंथर और ईगल-लॉयन का होगा। बालिका वर्ग डबल में सेमिफाइनल में ईगल और पायथन तथा एलीगेटर और पैंथर नें अपनी जगह निश्चित कर ली है।

खो खो प्रतियोगिता में बिन्द्रा हाउस को सिंधु हाउस ने 2 प्वाइंट से हरा दिया वही मैरी कॉम हाउस ने राठौर हाउस को 04 अंको से परास्त कर दिया। सिंधु हाउस एवं भाकर हाउस में 07 अंको से भाकर हाउस विजयी रहा वही राठौर हाउस एवं चोपडा हाउस में चोपडा हाउस 03 अंको विजयी रहा। चैस प्रतियोगिता में मैरी कॉम हाउस एवं चोपडा हाउस ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

आयोजन को सफल बनाने में डा. मुकुल कुमार, डा. राजीव चैधरी, डा सौरभ, डा रंगानाथन, डा दीप्ती डिमरी, डा सर्वेश शीतल, डा. संजय त्यागी, डा देबाशीष, डा. मीना, प्रांशु कुमार, डा. रिजवान अहमद, डा. विशाल चैहान, ईला सिंह, विश्वजीत, आदि का विशेष सहयोग रहा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पाईप लाइन बिछाते समय क्षतिग्रस्त मार्गो को अविलम्ब मरम्मत करायें: सीडीओ



वेलकम इंडिया

**प्रतापगढ़।** दिनांक 18 फरवरी 2025। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन के सीडीओ कार्यालय में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने निमार्णाधीन पाईप्ड पेयजल योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पाईप लाइन बिछाते समय क्षतिग्रस्त मार्गो को अविलम्ब मरम्मत कराया जाये जिससे जनसामान्य का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। इसके अतिरिक्त पूर्ण पेयजल योजनाओं में नियमानुसार जलापूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आईएसए द्वारा कराये गये कार्यो के सन्दर्भ में योजना के प्रचार प्रसार नियमानुसार करने हेतु निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम अजय कुमार उपाध्याय, सहायक अभियन्ता हिमांशु केसरवानी सहित जिला समन्वयक, डीपीएमयू, आईएसए क्वार्डिनेटर एवं आईएसए के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# फर्जी फर्मो पर हो रहा लाखों का भुगतान, ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं पर ठेकेदारी प्रथा से चल रहा काम

वेलकम इण्डिया




**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ नगर जनपद के विकास खंड बढ़नी अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में फर्जी बिल बाउचर फीड कराकर लाखों की फर्जी भुगतान होने का मामला जहां सुर्खियों में रहता है। वहीं सूत्रों कि माने तो जांच पड़ताल में पता चला है कि एक ही वित्तीय वर्षों में कई ग्राम पंचायतों ने एक ही टेंडर पर बिना टेंडर बदले ही आधा दर्जन से अधिक फर्म बदल कर लाखों का भुगतान किया जा रहा है। जो शासनादेश के नियमों के खिलाफ है। वहीं अब सीएम डैश बोर्ड पर अच्छी रैंकिंग हासिल करने के लिए कई ग्राम पंचायतों ने धांधली किया है।

भ्रष्टाचार के मामलों में विकास खंड बढ़नी अक्सर चचाओं में रहता है। कुछ वर्षों के अंदर तमाम ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार की पोल परत दर परत निकलकर सामने आई है। कभी बिना काम कराए ही भुगतान का मामला सुर्खियों में रहता है। जांच बैठती है, कुछ दिन बाद ठंडे बस्ते में कैद हो जाती है। तभी हालात यह है कि जहां भ्रष्टाचारियों की हौसले बुलंद हैं। वहीं अब यह ब्लॉक चर्चित तथाकथित ठेकेदारों का चारागाह बन गया है। ठेकेदारी के बलबूते मनरेगा, ग्राम पंचायत वित्त आदि योजनाओं पर ठेकेदारी का काम तेजी से चल रहा है।

सूत्रों की माने तो इस विकास खंड क्षेत्र में कुछ चर्चित तथाकथित ठेकेदार ब्लॉक अधिकारियों को आर्थिक प्रभाव में लाकर मनमाना कार्य करा रहे है। खास मामला यह है कि इन दिनों फर्जी फर्मो के जरिए फर्जी बिल लगाकर योजना में भुगतान करा रहे है।

वहीं नाम न छापने की शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि प्रतिदिन ब्लॉक मुख्यालय पर तथाकथित ठेकेदारों की हुजूम उमड़ पड़ती है। ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों के बगल उनकी कुर्सी सजी रहती है। उसी का फायदा उठाते हुए तथाकथित ठेकेदार ग्राम प्रधानों को किसी तरह मैनेज कर बिना काम कराए ही फर्जी फर्मो के बिलों के सहारे भुगतान करा रहे है। जो भुगतान प्रक्रिया में फर्म लगाए हैं, न दुकान है न ही उसका अता पता लगता है। फर्जी फर्मो के जरिए इस विकास खंड पर वर्षों से भुगतान जारी है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# ब्रिगेडियर निखिल देशपांडे की अध्यक्षता में कैंट बोर्ड की बैठक संपन्न

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** छावनी परिषद की जनरल बोर्ड बैठक मंगलवार को ब्रिगेडियर निखिल देशपांडे की अध्यक्षता में विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर आयोजित की गई इस बैठक में सीईओ जाकिर हुसैन मनोनीत सदस्य छावनी परिषद डॉ सतीश शर्मा व कैंट विधायक अमित अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। लगभग सवा एक बजे शुरू हुई बैठक लगभग दो घंटे तक चली।

इस बैठक में कैंट के छोटे-छोटे स्कूलों को राहत देते हुए सर्विस चार्ज कम किया गया अब सौ बच्चे वाले स्कूलो पर डोर-टू-डोर कुड़ा उठाने पर पांच सौ व दो सौ पचास से पांच सौ तक तीन हजार और पांच सौ से ऊपर पांच हजार रुपए प्रतिमाह वसूला जाएगा ?। बैठक में मुटेशन के दो मामले 109-119 मैदा मौहल्ला व 496 दाल मंडी पास किए गए वहीं दिल्ली रोड व आबूलेन पर कैंट बोर्ड की दुकानों पर 2014 में लाईसेंस धारकों पर किराया बढ़ाया गया था जिसमें लगभग 39 दुकान दार कैंट बोर्ड के विरुद्ध हाईकोर्ट चले गए थे उन्होंने अपनी याचिका वापस ले ली है अब कैंट बोर्ड लीगल ओपिनियन के बाद बकाया किराया लेगा वहीं बताया गया कि कुछ लाईसेंस धारकों ने किराया बढ़ाने को लेकर डीएम के समक्ष मामला रखा गया था जिसमें डीएम कोर्ट ने सर्किल रेट के हिसाब से किराया लेने के निर्देश दिए हैं इसी को लेकर बाकी लोगों ने अपनी याचिका वापस ली है। इसके अलावा आठों वार्डों के लिए 12 हाई मस्ट लाईट 48 लाख में खरीदी का प्रस्ताव, 10 विक्टोरियन लाईट हनुमान चौक से शिव चौक तक के लिए कीमत साढ़े सात लाख, गांधी बाग के लिए 50 सीमेंट बैंच खरीद कीमत 13357/- रुपए प्रति बैंच, ड्रेस एलाउंस पांच हजार रुपए भत्ता सी डी गुर्प सफाई व अस्पताल कर्मचारीयों को दिया जाएगा।

वहीं होली दीवाली व अन्य धार्मिक व राष्ट्रीय पर्व पर विशेष सफाई व्यवस्था को लेकर एफ-9 मिल्ट्री एरिया में सफाई सिविल एरिया छोड़ कर अलग से ठेकेदार को भुगतान किया जाएगा। बैठक में मनोनीत सदस्य डॉ सतीश शर्मा ने वैडिंग जोन बनाए जाने पर जोर दिया तथा बड़े बकाये दारों से वसूली व ट्रेड लाइसेंस बनायें जाने पर जोर दिया। उन्होंने ब्रिगेडियर निखिल देशपांडे से कहा हनुमान चौक से आगे एक बड़ा पार्क जो गंदगी के ढेर में तब्दील हो चुका है उसका उपयोग एक वेंडर जोन बनाया जाये सड़कों पर लगे ठेले रही को हटाया जाये वहीं विधायक अमित अग्रवाल ने इस बात का समर्थन किया तथा इस प्रकार से कैंट में और भी वैंडर जोन बनाए जाने की जरूरत है वहीं उन्होंने जनहित की समस्यायों को लेकर आवारा पशुओं पर नियंत्रण की मांग रखी तथा बरसात में सदर के पाश इलाकों में जल भराव की समस्या से निजात को लेकर शहीद स्मारक भैंसाली ग्राउंड पर तीन नाले मिलते हैं जिसमें उन्होंने आयकर विभाग के पास नाले के कुछ हिस्से को चौड़ा करने की मांग की है वहीं उन्होंने बताया जिससे जलभराव की स्थिति से काफी हद तक निपटने में सफलता मिलेगी। इस बैठक में राजस्व अधीक्षक राजेश जॉन, एई पीयूष गौतम, दिनेश अग्रवाल व प्रमोद कुमार मौजूद रहे।

## कैंट बोर्ड ने सोतीगंज मस्जिद की अवैध दुकान पर चलाया धन

**मेरठ।** मंगलवार को कैंट बोर्ड ने दिल्ली रोड स्थित सोती गंज मस्जिद पर बनी अवैध दुकान पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है कैंट बोर्ड द्वारा पुर्व भी इस अवैध निर्माण पर कार्रवाई की थी मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह कैंट बोर्ड विभाग के कर्मचारियों का दस्ता ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के लिए सोतीगंज पहुंचा दस्ता जैसे ही मस्जिद के बहार रुका तथा अवैध दुकान पर कार्रवाई के लिए आगे बड़ा तो लोगों में अफरातफरी मच गई तथा कार्यवाही का विरोध भी किया लेकिन कैंट बोर्ड की टीम ने एक न सुनी कर्मचारियों ने दिवारो पर धन बजाना शुरू कर दिया और अवैध रूप से लगाएं गए मस्जिद के गेट को उखाड़ फैंका आपको बता दें लगभग एक वर्ष पूर्व भी कैंट बोर्ड इस अवैध निर्माण को तोड चुका था आरोप है की मस्जिद के मुतवल्ली द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर दुकानें बना कर लाखों रुपए में बेची जा रही है।

# विधान सभा में रवि शर्मा ने बुंदेलखंड राज्य की मांग उठाकर आन्दोलन को दी धार




वेलकम इंडिया

**झांसी ।** बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग लम्बे समय से की जा रही। उत्तर प्रदेश विधान सभा में झांसी सदर विधायक रवि शर्मा ने बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष उठाकर बुंदेलियो का दिल जीत लिया। सदन में मांग उठाई जाने पर बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा ने खुशी का इजहार करते हुए नारे बाजी की एवं कचहरी में घूमकर मिष्ठान वितरण किया।

रवि शर्मा ने सदन में बात उठाकर अन्य विधायकों एवं सांसदों को भी बाध्य कर दिया हैं कि बुंदेलियों की भावना की कद्र करते हुए उन्हें भी आवाज उठानी चाहिए। नारेबाजी कर मिष्ठान वितरण करने वालो में मोर्चा अध्यक्ष भानू सहाय, अशोक शर्मा, रघुराज शर्मा, कुंवर बहादुर आदिम, हनीफ खान प्रदीप झा, अनुराग मिश्रा, संतोष श्रींगृरिषि, सचिन साहू , प्रभुदयाल कुशवाहा, कुलवांत सिंह खालसा, सुरेंद्र यादव, नरेंद्र यादव, पवन शर्मा, सईदा बेगम, नसीम जहां, दरक शाह परवीन, आदि शामिल रहे।

# पत्रकारों का भी पुलिस वेरिफिकेशन हो अनिवार्य- डॉ० अनुराग सक्सेना

वेलकम इंडिया



**बरेली।** पत्रकारिता के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों व अपराधिक किस्म के लोगों की बढ़ती भीड़ से पत्रकारिता की छवि दिन प्रतिदिन तार-तार हो रही है। पत्रकारिता के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की बढ़ती अनियंत्रित भीड़ पर नियंत्रण के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। यह बात जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (रजि.) की वर्चुअल बैठक में उठाई गई। इस वर्चुअल बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों का कहना था कि यदि सरकार अब भी इस ओर विशेष ध्यान नहीं देगी तो पत्रकारिता का अस्तित्व संकट में पड़ जायेगा, और पत्रकारिता की गरिमा धूमिल होकर रह जायेगी। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० अनुराग सक्सेना द्वारा इस विषय पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि इस विषय पर न्याय संगत कार्रवाई के लिए संगठन की ओर से एक पत्र देश के गृह मंत्री को भेजा जा रहा है। पत्र में संगठन ने देश के गृहमंत्री से आग्रह किया है कि सरकार पत्रिकारिता के क्षेत्र में आने वालों के लिए एक आवश्यक नीति निर्धारण करे और पत्रकार बनने से पूर्व उनका पुलिस वेरिफिकेशन कर उनके चरित्र का सत्यापन भी अवश्य करायें। उल्लेखनीय है कि आज पत्रकारिता के क्षेत्र में अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का बढ़ता दायरा पत्रकारिता के लिए नासूर और घातक बनता जा रहा है। ऐसे लोग अपनी आदतों और कारनामों को छिपाने, दबाने के लिए पत्रकारिता का चोला ओढ़कर लगातार पत्रकारिता की छवि को धूमिल कर रहे हैं। ऐसे लोग पत्रकार बनकर समाज में राजनैतिक लोगो के संपर्क के साथ साथ अधिकारियों, कर्मचारियों पर रौब जमाकर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं। संगठन ने अपने पत्र में कहा है कि जिस प्रकार जनसंपर्क विभाग मान्यता के लिए पत्रकारों का पुलिस वेरीफिकेशन करवाती है।

## जंगल से लगी आग भयावह होकर पहुची कथपुड़िया छीना बाजार तक

**बागेश्वर,** जंगल मे लगी आग भयावह होकर काफलीगैर तहसील कार्यालय और कठपुड़ियाछींना बाजार तक पहुँच गई ।काफी देर तक लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की जिसके बाद आग फैलने से रोकने में नाकाम रहने पर वन कर्मियों और स्थानीय वासियों ने भयावह हो रही वनाग्नि को नियंत्रित करने के लिए फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी ।जिसके बाद बागेश्वर से एफएसओ गोपाल सिंह रावत ने फायर ब्रिगेड की गाड़िया मौके पर भेजी, जिसके बाद काफी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया ।वही आग फैलने से कठपुड़ियाछीना बाजार में धुंए का गुब्बार छा गया ।वही भोलना नागर के कठपुड़ियाछिना तोक में रहने वाले लोग, औरआसपास के दुकानदार और तहसील कार्यालय के लोग भयावह हो रही वनाग्नि को रोकने की कोशिश में जुट गए ।काफी देर तक आग को नियंत्रित करने के बाद आग की लपटें आवासीय इकाइयों के समीप तक पहुंचने लगी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय सीमार की 30 बालिकाओं ने किया प्रतिभाग

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, बागेश्वर जिलाधिकारी आशीष भटगाई की बेटियों को उन्नति के मार्ग पर उन्हें उचित मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करने के लिए चलाई गई विशेष पहल (म्यर स्वैण-म्यर लक्ष्य)

बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत बेटियों के लिए मेरा सपना,मेरा लक्ष्य (म्यर स्वैण-म्यर लक्ष्य) कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएम आशीष भटगांई एवं महिला अधिकारियों ने बेटियों के साथ संवाद किया। तथा बालिकाओं के जिज्ञासा भरे सवालों के जवाब दिए। डीएम ने बेटियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि लक्ष्य करो निर्धारित जहां आए कमी मिलेगा मेरा और जिला प्रशासन का पूरा सहयोग। बेटियां करेगी जिले का नाम रोशन चाहे कोई भी क्षेत्र हो उस क्षेत्र में बेटियों की मेहनत में आने वाली हर बाधा का किया जाएगा समाधान ।बेटियों पढ़ो लिखो खेलों कूदो, अपना लक्ष्य बनाकर उसकी प्राप्ति के लिए पुरजोर मेहनत करो, जहाँ आड़े समस्या बस रखोअपनी बात मिलेगा हर संभव सहयोग तुम्हें, जिलाधिकारी ने बेटियों के सपने और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्हें प्रेरणा दी व अपने अनुभवों को साझा किया। उसके बाद बेटियों को सरकारी कार्यालयों के क्रियाकलापों और सरकार की स्वरोजगार परक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय के साथ ही विकास भवन,एसपी कार्यालय का एक्सपोजर विजिट कराया गया। मंगलवार को जिला सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बेटियों के सपने औ ? लक्ष्यों को जाना। जिलाधिकारी ने बेटियों को फोकस एप्रोच के साथ कार्य करने पर बल देते हुए बेटियों को शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ समग्र विकास औ ? जीवन के प्रति मूल्यों को भी आत्मसात करने को कहा। साथ ही बेटियों को अपने अंदर आलोचनात्मक सोच पैदा करने और योग्यता का विकास पर जोर दिया।

# महाकुंभ में पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने लगाई डुबकी



वेलकम इंडिया

**मेरठ।** पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने भी प्रयागराज महा कुंभ में आस्था की डुबकी लगाकर धर्म लाभ उठाया। राजेंद्र अग्रवाल पूर्व सांसद मेरठ ने मंगलवार को परिवार व कार्यकताओं के साथ तीर्थराज प्रयाग के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई एवं स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। उन्होंने बताया महाकुम्भ सनातन धर्म की दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा का महापर्व है, यहां आस्था अमृत बनकर आत्मा को ब्रह्म से जोड़ती है। पूर्व सांसद के साथ उनके प्रतिनिधि रहे हर्ष गोयल, संयुक्त व्यापार संघ के मंत्री अंकुर गोयल, पार्षद सुमित मिश्रा, महानगर कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, शाहघासा व्यापार संघ अध्यक्ष अंबुज रस्तौगी.आदि मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बेहतरीन आयोजन के लिये बधाई दी।

# जिला कारागार में बंदियों को वस्त्र वितरण



वेलकम इंडिया

**झांसी!** ऑल इण्डिया पयाम ए इन्सानियत फोरम के बैनर तले वॉलेंटियर्स जिला कारागार पहुंचे। यहां अपर जिला जज / सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण शरद कुमार चौधरी के मुख्य आतिथ्य में बंदियों को वस्त्र वितरण किया गया।

अध्यक्षता करते हुए जेल अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि फोरम के तत्वावधान में कैदियों में समाज के नेक नागरिक बनने की प्रेरणा स्वरूप यह कार्य किया गया है। विशिष्ट अतिथि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एम एस खान ने इस तरह से किए गए कार्यों को सराहा। साथ ही अनवरत रूप से इसे करते रहने का आह्वान किया। बताते चलें कि संस्था द्वारा लम्बे समय से जेल में निरुद्ध कैदियों के वस्त्र, चप्पल आदि वितरित करने के साथ ही उनकी जमानत कराने तक के लिए कार्य किया जा रहा है, जिससे समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण लेकर यह कैदी भी जरायम की दुनिया छोड़ मुख्य धारा से जुडें। इस दौरान चालीस बंदियों को वस्त्र वितरित किया गया। इस मौके पर जेलर कृष्ण पाल जी, डिप्टी जेलर पंकज बंसल ,मुफ्ती इमरान नदवी, मुफ्ती अफफांन असदी, डॉ आतिफ इकबाल, अफजल खान, मजहर उपस्थित रहे।

# 2047 को लेकर मंथन : अखिल भारतीय जल सुरक्षित राष्ट्र विषय पर आयोजित कांफ्रेंस में पहुंचे कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा

वेलकम इंडिया




**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** हरियाणा में हर घर में नल और उसमें स्वच्छ जल पहुंचे, इसके लिए यहां की सरकार लगातार काम कर रही है। इतना ही नहीं, पेयजल लोगों को साफ सुथरा और तय पैमाने पर आधारित मिले, इसके लिए भी खास तौर पर फोकस करने के निर्देश प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए गए है। यह बात हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहीं। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा भी राजस्थान के उदयपुर में आज से शुरू हुए दो दिवसीय अखिल भारतीय जल सुरक्षित राष्ट्र विषय पर आयोजित कांफ्रेंस में शिरकत कर रहे है। 19 फरवरी तक चलने वाले दो दिवसीय अखिल भारतीय जल सुरक्षित राष्ट्र विषय पर राष्ट्रीय कांफ्रेंस हो रही है, इस कांफ्रेंस में देश के सभी राज्यों के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्रियों द्वारा शिरकत करते हुए अपने विचार साझा किये जा रहे है। उनके साथ प्रदेश की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी भी कॉन्फ्रेंस में शिरकत कर रही है। उन्होंने सिंचाई के क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा उठाये गए कदमों के ब्यौरा दिया। कांफ्रेंस 2047-विकसित भारत के परिप्रेक्ष्य में रखी गई है। कांफ्रेंस के माध्यम से अलग अलग पहलुओं पर मंथन हो रहा है। हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश सरकार द्वारा भी जल के क्षेत्र में अलग अलग गतिविधियों को हरियाणा में किया जा रहा है। इसी के तहत प्रदेश के शहरी इलाके के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है, ताकि स्वच्छ पेयजल हर किसी को मिले। उन्होंने कहा कि हरियाणा में वैसे तो पानी की कमी है, लेकिन कुशल प्रबंधन के जरिये और सरकार की सकारात्मक सोच ने परिस्थितियों को बदला है। डार्क जोन एरिया के लिए खास योजना बनाई गई है, साथ ही जलघरों में अच्छी व्यवस्था हो इसके लिए भी खास तकनीक के जरिये काम किया जा रहा है। उन्होंने इस बीच जल स्थिरता और सुरक्षा के नजरिए से उठाए गए कदमों के साथ साथ हर घर नल, हर घर जल, जल जीवन मिशन के विस्तार को लेकर हरियाणा में अब तक अचीव किये गए।

## अवैध गुटखा का हब बना नगर सहित आसपास का क्षेत्र, अधिकारी मौन

**गुरसराय(झाँसी)-** पिछले कुछ समय से अवैध गुटखा बनाने वाले व्यापरियों ने नगर सहित आसपास के क्षेत्र को अवैध गुटखा का हब बना रखा है। ऐसा नहीं है कि इसकी भनक सम्बंधित अधिकारीयों को नहीं हो, इसके बाद भी अधिकारीयों द्वारा इन पर कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

जिससे नगर सहित क्षेत्र में बेखोफ अवैध गुटखा बनाने और बेचने का कारोबार पनप रहा है ।जिसके चलते राजस्व को हर माह लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है ।प्रशासन की सख्ती के बाद भी गुटखा माफियाओं द्वारा बड़ी कंपनी के नकली पान मसाले और सुपारी तथा तंबाकूयुक्त गुटखों का निर्माण धड़ल्ले से जारी है।

# जिलाधिकारी ने ली राजस्व स्टाफ की मासिक समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर** ,गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व स्टाफ की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने बैठक में राजस्व व रेगुलर पुलिस, खनन, परिवहन, आबकारी विभाग, दैवीय आपदा व राजस्व वसूली आदि के तहत अद्यावधि तक की गई कार्रवाई एवं उपलब्धि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राजस्व के साथ ही निकायों के अधिकारियों को वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए ।जिला आपूर्ति विभाग, वाणिज्य कर विभाग,शहरी स्थानीय निकाय और श्रम विभाग की कार्यप्रणाली एवं आंकड़ों की समीक्षा करते हुएजिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासनिक कार्यों का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचे और किसी भी जरूरतमंद को उसका अधिकार मिलने में देरी न हो ।श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान श्रमिकों के कल्याण को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई। जिला अधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि श्रमिकों को मिलने वाले टूलकिट्स एवं अन्य संसाधनों का वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए, ताकि वास्तविक लाभार्थियों तक यह सुविधाएं पहुंचे। उन्होंने कहा कि ₹श्रमिक हमारे समाज की रीढ़ हैं, और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी मेहनतकश व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे ।₹ इसी उद्देश्य से श्रमिक कल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूर्व नियोजित शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, ई-हैंगआउट्स (डिजिटल नोटिस) जारी करने पर जोर दिया गया, ताकि प्रत्येक श्रमिक और संबंधित हितधारक तक जानकारी समय पर पहुंचे। जिलाधिकारी ने लंबित शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय सूचनाओं का सक्रिय रूप से निस्तारण किया जाए, जिससे जनता को उनकी मांग के अनुसार जानकारी समय पर मिले और सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को जनता की सेवा को प्राथमिकता देने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ₹प्रशासन का असली उद्देश्य तभी पूरा होता है जब आम नागरिक को बिना किसी परेशानी के सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

# भारी सुरक्षा व्यवस्था में तालाब की भूमि बना अवैध मदरसा ध्वस्त

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** जनशिकायतों के आधार पर निवाड़ी थाना के अन्तर्गत ग्राम सारा में सरकारी तालाब की भूमि पर बने मदरसे पर उपजिलाधिकारी डा0 पूजा गुप्ता के नेतृत्व में भारी सुरक्षा व्यवस्था में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई। दो बुलडोजरों ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ध्वस्तीकरण कार्रवाई पूरी की। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए बतौर एहतिहात कई थानों को पुलिस एवं पीएसी फोर्स तैनात थी। ध्वस्तीकरण कार्रवाई के बाद सरकारी तालाब की लगभग 139 वर्ग मीटर भूमि अवैध कब्जामुक्त करायी गई। यद्यपि कुछ विरोध भी हुआ, लेकिन भारी सुरक्षा व्यवस्था के चलते उनकी एक न चली। ज्ञात रहे कि मदरसे पर ध्वस्तीकरण की यह कार्रवाई विगत दो वर्षो में दूसरी बार हुई है। वर्ष 2023 में भी मदरसे के कुछ अवैध भाग पर बुलडोजर द्वारा अवैध कार्रवाई की गई थी। उल्लेखनीय है कि ग्राम सारा में सरकारी तालाब पर अवैध रूप से बने मदरसे के संबंध में जागरूक ग्रामीणों तथा विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा तहसील एवं जिला प्रशासन तथा उच्च न्यायालय तक शिकायतें पहुंचायी गई थी। न्यायालय के आदेश पर सरकारी तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे को हटाने के लिए यह ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गई। उपजिलाधिकारी डा0 पूजा गुप्ता व तहसीलदार रजत कुमार ने चेतावनी दी है कि तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री में लगी आग ने क्षेत्र में अवैध पटाखा फैक्ट्री का किया रहस्योदघाटन

**मोदीनगर।** निवाड़ी थाना के अन्तर्गत ग्राम अबुपुर स्थित एक निजी मकान में अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री में लगी आग से क्षेत्र में अवैध पटाखा फैक्ट्री का रहस्योदघाटन हुआ। आग लगने तथा पटाखो के जखीरे में हुए विस्फोट से क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल हो गया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने तीन घंटें की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस संबंध में लोनी निवासी नूर मौहम्मद प्रबल को नामजद किया गया है जो अवैध रूप से विकास का मकान किराए पर लेकर अवैध रूप से पटाखा बनाने की फैक्ट्री का संचालन कर रहे थे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छानबीन के दौरान पुलिस ने विस्फोटक सामग्री बरामद की।मकान में पटाखे बनाने का जखीरा बरामद हुआ। आग से कोई जन हानि नहीं हुई। दोनों नामजद आरोपित फरार बताए गए हैं।

## जैन मुनि संत आचार्य गुप्ती सागर महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** कादराबाद स्थित विकास नगर में अरिहंत टेक्सटाइल पर जैन मुनि संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य आचार्य गुप्ती सागर का दिल्ली से हरिद्वार पंचकल्याण महोत्सव में शामिल होने के लिए जाते समय जैन समाज के लोगों ने भव्य स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर जैन मुनि संत आचार्य गुप्ती सागर महाराज जी ने कहा कि भगवान महावीर के आदर्श और सिद्धांतों को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए तभी हमारा जीवन सफल होगा। इस मौके पर सुमत प्रसाद जैन सतीश चंद्र जैन सूत वाले तरुण जैन वरुण जैन राकेश जैन वीरेश जैन लोकेश जैन दिनेश जैन प्रवेश जैन सूत वाले मितेश जैन आदि जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

## ज्योतिषाचार्य पंडित कुंजबिहारी वशिष्ठ को सम्मानित किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य सूर्यदेव उपासक सलाहकार पुरामहादेव मंदिर पूजन व्यवस्थापक मोदीनगर निवासी पंडित कुंजबिहारी वशिष्ठ को महाकुंभ संगम प्रयागराज, अमृत स्नान लाभ उपरांत संगम स्थल पर राष्ट्रीय परशुराम परिषद के शिविर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष एंव दर्जा प्राप्त केबिनेट मंत्री रहे पंडित सुनील भराला ने प्रतीक चिह्न वितरण समारोह में पंडित कुंजबिहारी वशिष्ठ को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय परशुराम परिषद शिविर के कार्यक्रम में अखंड भारत, सनातन धर्म, पुरोहित मानदेय, सभी बेटियो को उच्चतर शिक्षा, देशभर में भगवान परशुराम जयंती अवकाश आदि गत लंबित मांगो पर राष्ट्रीय पटल पर विशेष ध्यान आकर्षित करने आदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

## आईटीएस डेन्टल कॉलेज के ओरल सर्जरी विभाग द्वारा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** मुरादनगर दिल्ली मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेन्टल कॉलेज के ओरल सर्जरी विभाग द्वारा विश्व ओरल एंड मैक्सिलोफेषियल सर्जन दिवस का आयोजन किया गया। संस्थान के 250 से अधिक बीडीएस एमडीएस के विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी दंत विभागों के एचओडी दंत चिकित्सक शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथि वक्ता डॉ शुभम गर्ग एवं संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य डॉ देवी चरण शेट्टी डॉ अरूणकुमार केवी, प्रोफेसर, डॉ अमित गुप्ता, प्रोफेसर ओरल सर्जरी विभाग के साथ-साथ सभी दंत विभागों के एचओडी उपस्थित रहें।संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य डॉ देवी चरण शेट्टी ने सभी प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उनका आभार प्रकट किया। डॉ अरूणकुमार केवी द्वारा सभा को संबोधित किया।डॉ शुभम द्वारा गले और मुख के कैंसर के विषय पर एक लेक्चर प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अपने लेक्चर के दौरान गले और मुख के कैंसर के उपचार के प्रक्रिया की भूमिका के बारे में सभी प्रतिभागियों को विस्तार से समझाया। डॉ शुभम ने विद्यार्थियों एवं दंत चिकित्सकों के लिये आयोजित इस ज्ञानवर्धक मंच के लिये संस्थान को धन्यवाद देते हुये लेक्चर का समापन किया। डॉ अमित गुप्ता प्रोफेसर, ओरल सर्जरी विभाग द्वारा सभी को धन्यवाद देकर कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम के लिए सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

## पुलिस चौकी से 300 मीटर दूरी पर महिला से लूटी चैन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद इंदिरापुरम न्याय खण्ड-प्रथम के सुपरटेक आइकन सोसाइटी के गेट के बाहर से बैंक मैनेजर की पत्नी के साथ चैन से स्नेचिंग का प्रयास बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला को शिकार बनाने का प्रयास किया मगर विफल साबित रहे।

बता दें कि पीड़ित महिला अपने बच्चों और बहन के साथ मार्केट से अपने घर वापस लौट रही थी समिति के गेट के ठीक 200 मीटर की दूरी पर ई रिक्शा से उतरते समय बच्चों को सामान दिलाने के बाद जब समिति की तरफ बड़ी तभी पीछे से बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला को अकेला देख चेन स्नेचिंग का प्रयास किया मगर सफल नहीं हो सके पीड़ित महिला की बहन ने जब शोर मचाया तब बदमाश अपनी जान बचाते हुए फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक महिला अपने परिवार के बहन व बच्चों के साथ मार्केट से घर आ रही थी इस बीच समिति से 200 मीटर की दूरी पर दो बाइक सवार बदमाशों ने चेन स्नेचिंग का प्रयास किया मगर सफल नहीं हो सके महिला का कहना है कि मेरे साथ चेन स्नेचिंग का प्रयास करते समय मैंने अपने आप को बचाया वह इस बीच मुझे काफी छोटे भी आए हैं। जिसका उपचार चल रहा है सवाल यह है कि अभय खण्ड पुलिस चौकी से मात्र 300 से 400 मीटर की दूरी पर बाइक सवार बदमाश ने महिला से चैन छीनने का प्रयास किया गया इस बीच महिला को काफी चोटे आई है।



## चंद्रभानु पासवान ने विधायक पद की ली शपथ, विधानसभा अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

अयोध्या( वेलकम इंडिया)

अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर सपा प्रत्याशी को हराने वाले चंद्रभानु पासवान ने सोमवार को विधायक पद की शपथ ली। उन्हें विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शपथ दिलाई। चद्रभानु पासवान को शपथ दिलाते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से जीत दर्ज करने वाले भाजपा नेता चंद्रभानु पासवान ने विधायक पद की शपथ ली। उन्हें विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही में भाग लिया। यूपी विधानसभा का बजट सत्र मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। सत्र का पहला दिन हंगामेदार रहा। सत्र का प्रारंभ राज्यपाल के अभिभाषण से हुआ लेकिन हंगामे के कारण राज्यपाल अपना पूरा अभिभाषण नहीं पढ़ सकीं। सदन में विपक्ष के इस व्यवहार की सत्ता पक्ष के लोगों ने आलोचना करते हुए इसे निंदनीय करार दिया। नेता प्रतिपक्ष ने दी सफाई, बोले- राज्यपाल के अभिभाषण में झूठे आंकड़े दिए गए। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और सपा नेता माता प्रसाद पांडे ने /बजट सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर कहा कि उनके अभिभाषण में जो पढ़ा जा रहा था, समाजवादी पार्टी ने उसका विरोध किया।

## कनोहर लाल महाविद्यालय की अनुशासन समिति के द्वारा नैतिक मूल्यों की प्रासंगिकता विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मेरठ।** मेरठ के कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की अनुशासन समिति द्वारा हुआ एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन जिसके प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. किरण प्रदीप ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नैतिक मूल्यों का पूर्ण रूप से समावेश किया गया है जिससे विद्यार्थी अपनी शिक्षा को ग्रहण करते हुए नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात करेगा। आज वर्तमान समय में छात्राओं को अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को ग्रहण करने की अत्यंत आवश्यकता है तभी वह योग्य नागरिक बनकर समाज और देश को उन्नत कर सकेंगे। इसके पश्चात मुख्य वक्ता डॉक्टर अर्चना प्रिय आर्य जी ने इस विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज नैतिक मूल्यों का अवमूल्यन होता जा रहा है विद्यार्थियों में शिक्षा तो है परंतु संस्कार नहीं है, विनम्रता नहीं है, एकाग्रता नहीं है, सचरित्रता नहीं है जबकि विद्या का प्रथम लक्षण है विनयशीलता । आज डॉक्टर,वकील, इंजीनियर तो बन रहे हैं लेकिन मानव निर्माण नहीं हो पा रहा ह रहा है। नैतिक मूल्यों को आत्मसात के बिना श्रेष्ठ व्यक्ति का निर्माण नहीं हो सकता इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक छात्र अपने अंदर नैतिक मूल्यों को विकसित करें। अनुशासित रहें ताकि समाज निर्माण में अपना एक अमूल्य योगदान दे सकें

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या के द्वारा हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर लेफ्टिनेंट सिद्धी गुप्ता को एसोसिएट एन.सी.सी. ऑफिसर बनने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सयोजन प्रोफेसर विनीत गुप्ता के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम को पूर्ण संपन्न कराने में एडिशनल चीफ प्रॉक्टर डॉ राखी त्यागी एवं अनुशासन समिति के समस्त सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा।

## गोसाईगंज क्षेत्र के डायग्नोस्टिक सेंटर व पैथोलॉजी की होगी जांच

वेलकम इंडिया




**अयोध्या।** गोसाईगंज क्षेत्र में संचालित विभिन्न डायग्नोस्टिक सेंटर और पैथोलॉजी की जांच के निर्देश दिए गए हैं। इन क्षेत्रों में लगभग 40 केंद्रों पर बगैर रेडियोलॉजिस्ट व लैब टेक्नीशियन के जांचें होने की शिकायतें मिलने के बाद सीएमओ ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। गोसाईगंज क्षेत्र की शहर से दूरी अधिक होने के कारण वहां से जुड़े अधिकांश मरीज उन्हीं क्षेत्रों में संचालित जांच केंद्रों पर विभिन्न तरीके की जांचें कराते हैं। यहां के गोसाईगंज कस्बे से लेकर महबूबगंज बाजार तक 36 से 40 जांच केंद्र संचालित हैं। इनमें अधिकांश केंद्रों पर बगैर रेडियोलॉजिस्ट के अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, डिजिटल एक्सरे आदि व बगैर लैब टेक्नीशियन के खून संबंधी विभिन्न जांचें होने की शिकायतें आ रही थीं। ऐसे में जांचों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं और मरीजों की जान का खतरा भी बना है। इसी क्षेत्र में स्थित आनंद डायग्नोसिस सेंटर के बगैर पंजीकरण संचालित होने की शिकायत मिली है। इन मामलों को संज्ञान लेते हुए सीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने डिप्टी सीएमओ व झोलाछाप के नोडल डॉ. राममणि शुक्ला को अवैध केंद्रों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। विभाग की इस कार्रवाई से केंद्रों के संचालकों में हलचल तेज है। नोडल अधिकारी ने बताया कि टीम के साथ जांच अभियान शुरू किया गया है।

## बाइक सवार दो बदमाशों ने बैंक प्रबंधक की पत्नी से किया चेन लूट का प्रयास

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने बैंक प्रबंधक की पत्नी से दिनदहाड़े चेन लूटने का प्रयास किया। घटना सोमवार दोपहर की है, जब महिला अपने छह साल के बच्चे व बहन के साथ घर लौट रही थीं। चेन छीनने के विरोध पर बदमाश ने धक्का दे दिया, जिससे महिला व बच्चा गिरकर चोटिल हो गए। वहीं बदमाश साथी संग फरार हो गया। इंदिरापुरम के न्यायखंड एक स्थित सुपरटेक आईकॉन सोसाइटी में रहने वाले रुखसाद मंसूरी बैंक ऑफ बड़ौदा की पीतमपुरा शाखा में प्रबंधक हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार दोपहर पत्नी नगमा, छह साल के बेटे और अपनी बहन के साथ बाजार गई थीं। ई-रिक्शा से वह सोसाइटी के पास किराने की दुकान पर रुकीं। यहां से बच्चे के लिए चॉकलेट खरीदकर वह घर की ओर चलीं तभी आगे चल रहे एक बदमाश ने उनके गले पर झपट्टा मार दिया।

## भारतीय ज्ञान परंपरा हजारों वर्ष पुरानी: महापौर गिरीशपति

अयोध्या (वेलकम इंडिया)

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में पीएम उषा के साफ्ट कंपोनेण्ट योजनान्तर्गत मंगलवार को ह्यरिलिवेंस आफ इंडियन नालेज सिस्टम इन बिजनेसह्य विषय पर साप्ताहिक कार्यशाला आरंभ हुई। मुख्य अतिथि महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी व नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला की शुरूआत की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महापौर ने कहाकि प्रारंभिक ज्ञान अनुभूति से आता है। ऋषियों-मुनियों ने वेद, उपनिषद और पुराणों में भारतीय ज्ञान को संरक्षित-संयोजित किया। भारतीय ज्ञान परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है, जिसमें ऋषियों-मुनियों ने अपनी तपस्या से इस ज्ञान को संयोजित किया। उन्होंने कहाकि किसी समय अयोध्या प्रमुख व्यापारिक केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित थी, लेकिन नवाबकाल में जब अवध की राजधानी अयोध्या से लखनऊ बनी तब से अयोध्या का दुर्भाग्य आरंभ हुआ। सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से अयोध्या को क्षति झेलनी पड़ी। मोदी-योगी के समय में अयोध्या का गौरव गौरव पुनर्प्रतिष्ठित हुआ। अब अयोध्या अवसरों से भरी है। विशिष्ट अतिथि महंत रामदास ने कहाकि सबसे बड़े शोधार्थी हनुमानजी थे। अपने ज्ञान से वह बचपन में ही सूर्य तक पहुंच गए, जबकि वर्तमान समय में अंतरिक्ष एजेंसियां मुश्किल से चांद पर पहुंच पाती है। उन्होंने कहाकि सिर्फ नौकरी से काम नहीं चलेगा। अब व्यवसाय के अनेक अवसर है, लेकिन सर्वे भवंतु सुखिनरू के भाव से। उन्होंने कहाकि धन कमाने का उद्देश्य अवश्य रखें, लेकिन इतना भी संचय नहीं करें कि अगली पीढ़ी कोई काम नहीं करे। इससे पहले विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने विषय प्रवर्तन किया। कहा, भारतीय परंपरा में प्रत्येक कार्य की अपनी महत्ता है। सुबह उठते हैं तो पृथ्वी का पूजन, भोजन का पूजन आदि का विधान है। प्रो. शैलेंद्र वर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कहा, भारतीय ज्ञान परंपरा अद्भुत है। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो. एसएस मिश्रा, डॉ0 राना रोहित सिंह, डा. गीतिका श्रीवास्तव डा. महेंद्र पाल, डा. रविंद्र भारद्वाज, डा. निमिष मिश्रा, डा. अंशुमान पाठक, डा. प्रवीण राय, डा. राकेश कुमार, डा. दीपा सिंह, डा. राकेश कुमार, डा. रामजीत सिंह यादव, डा. अनीता मिश्रा आदि मौजूद रहे।



# डीएम ने वार्डन/ स्वयं सेवकों को राष्ट्रपति द्वारा प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किए





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मुख्य अतिथि दीपक मीणा आई ए एस जिलाधिकारी ,अति विशिष्ट अतिथि अभिनव गोपाल आई ए एस मुख्य विकास अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि गंभीर सिंह अपर जिलाधिकारी नगर द्वारा 18/02 /2025 को सायं 5.30 स्त्रे. पर विकास भवन सभागार में आयोजित एक प्रोग्राम में चीफ वार्डन ललित जायसवाल जी और उप नियंत्रक रविन्द्र प्रताप जी के नेतृत्व में सिविल डिफेंस गाजियाबाद के वार्डन/ स्वयं सेवकों द्वारा गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित परेड में प्रतिभाग किया गया था तथा महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सिविल डिफेंस गाजियाबाद के राजेंद्र शर्मा को विशिष्ट सेवा पदक, चैतन्य जैन को भी विशिष्ट सेवा पदक चैतन्य और रमन सक्सेना को सराहनीय सेवा पदक को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया है इस अवसर पर 2023 में अनिल अग्रवाल को राष्ट्रपति जी द्वारा जो विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था उनको भी राष्ट्रपति द्वारा दिया गया प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया गया तथा सभी वार्डेन का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रशस्ति पत्र वितरण और पुष्प गुच्छ प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दीपक मीणा आई ए एस जी ने सभी वार्डेन को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए सुझाव दिया कि सिविल डिफेंस वर्ष भर किए गए अपने कार्यों की एक बुकलेट जरूर बनाए और जनपद में आने वाले नए अधिकारियों को भेंट करे तथा ऐसी प्रकार प्रशासन और पुलिस का भविष्य में भी सहयोग करते रहे और इसी के साथ साथ सेकंड लाइन ऑफ लीडरशिप भी तैयार करते रहे । अति विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल आई ए एस जी ने कहा कि चीफ वार्डन ललित जायसवाल जी के नेतृत्व सिविल डिफेंस के सभी वार्डेन हर समय प्रशासन के साथ हर कार्य में भरपूर सहयोग करते है और करते रहेंगे। विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह जी ने सिविल डिफेंस की स्थापना का उद्देश्य और समय समय पर गाजियाबाद सिविल डिफेंस के कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया। चीफ वार्डन ललित जी ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा डिप्टी कंट्रोलर रविन्द्र प्रताप ने सभी का प्रोग्राम में आने के लिया धन्यवाद दिया। इस अवसर पर चीफ वार्डन ललित जायसवाल , डिप्टी कंट्रोलर रविन्द्र प्रताप, एडीसी गुलाम नबी, प्र. डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, चैतन्य जैन, रमन सक्सेना,हर्ष वर्मा, सुधीर कुमार,गोपाल बंसल, पंकज बंसल,नवनीत कुमार, रवि अग्रवाल आदि अनेकों वरिष्ठ वार्डन ने प्रोग्राम में प्रतिभाग किया।

# राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी का भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल का पार्टी कार्यकताओं और नेताओं ने मंगलवार को भव्य स्वागत किया। आरडीसी स्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (माइनॉरिटी) इंद्रजीत सिंह टीटू के ऑफिस में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों ने उन्हें बधाइयां दीं और उनका सम्मान किया। इंद्रजीत सिंह टीटू ने दुपट्टा पहनाकर, जबकि प्रदेश महासचिव रविंद्र चौहान ने पगड़ी पहनाकर चौधरी रामपाल का स्वागत किया। इसके अलावा, व्यापारी नेता संजीव अरोड़ा और दिनेश शर्मा ने गुलदस्ता भेंट कर, जबकि विजय कौशिक ने मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर मौजूद सभी कार्यकताओं ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में नेताओं और कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्णयों का पूरी तरह समर्थन करते हैं और पार्टी को पश्चिम उत्तर प्रदेश में मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेंद्र जी के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग को पार्टी से जोड ? का काम करेंगे। इस स्वागत समारोह में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (माइनॉरिटी) इंद्रजीत सिंह टीटू, प्रदेश महामंत्री रविंद्र चौहान, राष्ट्रीय महासचिव (खेलकूद प्रकोष्ठ) विजय कौशिक, व्यापारी नेता संजीव अरोड़ा, दिनेश शर्मा, करण जोशी सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोन लेने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महिला को मकान बेचने के बाद फजीर्वाड़ा करके उस पर लोन लेने के आरोपी को लोनी बॉर्डर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक लोन की किशत जमा न होने पर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी पहुंचे तो महिला को फजीर्वाड़े का पता चला।

इसके बाद उसने नवंबर 2023 में केस दर्ज कराया। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। अधिकारियों का कहना है कि फजीर्वाड़े में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों की भूमिका की जांच कराई जा रही है। बेहटा हाजीपुर स्थित रघुनाथ कॉलोनी में रहने वाली निशा ने 10 नवंबर 2023 को लोनी बॉर्डर थाने में शादाब और फुलट्रोन फाइनेंस कंपनी के चार अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। निशा के मुताबिक उन्होंने थाना न्यू उस्मानपुरी के ब्रह्मपुरी निवासी शादाब से रघुनाथ कॉलोनी में 50 वर्गगज का मकान 13.54 लाख रुपये में खरीदा था। मकान का बैनामा आठ अगस्त 2022 को हुआ था। उन्होंने मकान पर हिंदुजा फाइनेंस कंपनी से लोन भी कराया था। बैनामे के बाद से वह मकान पर काबिज हैं। निशा के मुताबिक कुछ समय बाद शादाब उनके घर आया और कहा कि मकान बेचकर मिली रकम के संबंध में उसे आईटीआर जमा करनी है। इसके लिए उसे मकान के कुछ फोटो चाहिएं। यह कहकर शादाब मकान के कई फोटो खींचकर ले गया। आरोप है कि 28 सितंबर 2023 को राजीव चौक दिल्ली स्थित फुलट्रोन फाइनेंस कंपनी के चार कर्मचारी उनके पास आए और कहा कि मकान पर शादाब ने लोन ले रखा है और उसने किश्त भी अदा नहीं की हैं। कर्मचारियों ने मकान खाली न करने पर जबरन खाली करा लेंगे। निशा का कहना था कि शादाब तीन अक्तूबर 2023 को उनके घर आया तो उन्होंने लोन के संबंध में बात की। आरोप है कि शादाब ने लोन लेना स्वीकार किया और उसे अदा न करने की धमकी भी दी। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर शादाब तथा फुलट्रोन फाइनेंस कंपनी के चार कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था। केस दर्ज होने के बाद से ही शादाब फरार चल रहा था।

# 103 करोड़ की लागत से बनेगा मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 22 खेलों की विश्वस्तरीय सुविधाएं होंगी उपलब्ध





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद के खिलाडियों और खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। राज्य सरकार ने 103 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को स्वीकृति दे दी है। इस कॉम्प्लेक्स का निर्माण राजनगर एक्सटेंशन में 48,000 स्क्वायर मीटर भूमि पर किया जाएगा। इस फैसले से न सिर्फ शहर के खिलाडियों को बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि गाजियाबाद को एक प्रमुख खेल हब के रूप में भी विकसित किया जाएगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की मेहनत और दूरदर्शिता से इस योजना को हरी झंडी मिली है। नगर निगम ने कई बार शासन के समक्ष इस परियोजना का प्रस्तुतीकरण दिया और आखिरकार इसे स्वीकृति मिल गई। अब टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इस भव्य प्रोजेक्ट को उत्तर प्रदेश जल निगम की सीएंडडीएस संस्था द्वारा तैयार किया जाएगा। राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत मंजूर इस प्रोजेक्ट से गाजियाबाद का खेलों के क्षेत्र में कद और ऊंचा होगा। युवा खिलाडियों को यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा सकें। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में यह योजना साकार हो रही है। इस प्रोजेक्ट से गाजियाबाद के खिलाडि ?ों को न सिर्फ ट्रेनिंग के लिए बेहतरीन माहौल मिलेगा, बल्कि यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे स्पोर्ट्स टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा। इस मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यहां 22 अलग-अलग खेलों के लिए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा, जिनमें बास्केटबॉल, बैडमिंटन, हैंडबॉल, क्रिकेट पिच, फिट इंडिया जोन, वॉलीबॉल, स्विमिंग पूल, शूटिंग रेंज, योगा सेंटर, कराटे, ताइक्वांडो, बॉक्सिंग, कुश्ती, लॉन टेनिस, टेबल टेनिस, स्क्वैश, वॉकिंग और जॉगिंग ट्रैक शामिल है। यहां कई ऐसे खेलों के लिए सुविधाएं होंगी जिनके राष्ट्रीय टूनार्मेंट भी इसी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किए जा सकेंगे। इससे गाजियाबाद की पहचान एक खेल नगरी के रूप में उभरने की ओर बढ़ेगी। इस शानदार परियोजना की घोषणा के बाद शहर में उत्साह का माहौल है। खेल संघों और जनप्रतिनिधियों ने नगर निगम और शासन को धन्यवाद दिया और इसे गाजियाबाद के खेल भविष्य के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। अब इंतजार है इस प्रोजेक्ट के जल्द शुरू होने का, ताकि गाजियाबाद के खिलाड़ी अपने सपनों को साकार कर सकें और देश-दुनिया में शहर का नाम रोशन कर सकें। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में किए गए निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि गाजियाबाद को यह भव्य मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मिलने जा रहा है।

# अवैध कॉलोनियों में गरजा जीडीए का बुलडोजर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जीडीए उपाध्यक्ष के निदेर्शानुसार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-1 के नेतृत्व में राज नगर एक्सटेंशन के पास 80 बीघा क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। यह अवैध कॉलोनी सुनील चौधरी द्वारा विकसित की जा रही थी, जहां अनाधिकृत रूप से भूखंडों की बाउंड्रीवाल, सड़क एवं विद्युत पोल आदि का निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण द्वारा इन सभी अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्यवाही के दौरान स्थानीय विकासकताओं एवं निर्माणकताओं द्वारा विरोध किया गया, किंतु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हें नियंत्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुचारू रूप से संपन्न कराई गई। मौके पर उपस्थित नागरिकों से यह अपील की गई कि वे अनधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों में भूखंडों का क्रय-विक्रय न करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता पीयूष सिंह, अवर अभियंता महेंद्र, समस्त सुपरवाइजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल, मोरटा पुलिस बल एवं प्राधिकरण पुलिस बल की उपस्थिति रही।

# गाजियाबाद और आसपास के औद्योगिक विकास को लेकर आईआईए और यूपीसीडा के बीच संवाद बैठक संपन्न




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद और आसपास के जनपदों में औद्योगिक विकास की संभावनाओं और उद्योगों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को संजय नगर स्थित होटल फार्च्यून इन में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) और उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के बीच एक महत्वपूर्ण संवाद बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में यूपीसीडा के सीईओ, आईएएस मयूर माहेश्वरी उपस्थित रहे।

बैठक में गाजियाबाद, हापुड़, मोदीनगर, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के उद्योगपतियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव प्रस्तुत किए। यूपीसीडा की ओर से उप-महाप्रबंधक आर. एस. यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप सत्यार्थी और राकेश झा, तथा परियोजना अधिकारी श्रीमती शर्मिला पटेल भी मौजूद रहीं। बैठक का स्वागत संबोधन आईआईए चैप्टर सचिव हर्ष अग्रवाल ने दिया, जबकि विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याएं आईआईए चैप्टर चेयरमैन संजय अग्रवाल ने प्रस्तुत कीं। बैठक में उपस्थित उद्योगपतियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने आश्वासन दिया कि औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से संबंधित सभी लंबित मुद्दों पर तेजी से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले 5-6 महीनों में यूपीसीडा के औद्योगिक क्षेत्रों में इतना सुधार होगा कि औद्योगिक क्षेत्र खुद अपनी तरक्की की प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी समस्याएं और सुझाव पेश किए गए हैं, उन पर प्राथमिकता से काम किया जाएगा। साथ ही, नीतिगत बदलावों के लिए भी संबंधित विभागों से चर्चा की जाएगी। बैठक गाजियाबाद और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं को दूर करने और निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही। इससे उद्योगपतियों और प्रशासन के बीच संवाद मजबूत होगा और आने वाले समय में औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के सुधार की उम्मीदें बढ़ गई हैं। बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारी और उद्योगपति शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से डिवीजनल चेयरमैन राकेश अनेजा, सीईसी सदस्य मनोज कुमार, आईएसी चेयरमैन साकेत अग्रवाल, एमएसएमई और पॉलिसी समिति चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज समिति चेयरमैन अमित नागलिया, प्रिंटिंग एवं पब्लिकेशन समिति चेयरमैन यश जुनेजा, वाइस चेयरमैन अमित बंसल और रमन मिगलानी, कन्वेनर संदीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# चोरों ने मकान से उड़ाया हजारों का माल

**गाजियाबाद।** खोड़ा थानाक्षेत्र के सरस्वती विहार में चोरों ने एक मकान से मोबाइल, लैपटॉप और अन्य सामान चोरी कर लिया। खोड़ा थानाक्षेत्र के सरस्वती विहार निवासी सुनील रावत का कहना है कि बीती दस फरवरी को रात एक से चार बजे के बीच चोरों ने उनके मकान से एक लैपटॉप, मोबाइल और नकदी चोरी कर ली। सुबह वह उठे तो चोरी का पता लगा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने छानबीन की, लेकिन चोरों का सुराग नहीं लगा। सुनील की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रामलीला मैदान, कवि नगर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मेरठ मंडल के गाजियाबाद महानगर इकाई का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुकुंद मिश्रा ने कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं, और उन्हें एकजुट होकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल भारत का सबसे पुराना व्यापार संगठन है, जिसकी शाखाएँ जम्मू से कन्याकुमारी तक फैली हुई हैं। इस संगठन की स्थापना पूर्व सांसद स्वर्गीय श्याम बिहारी मिश्रा द्वारा की गई थी, और आज यह पूरे भारत में व्यापारियों की आवाज बन चुका है। उन्होंने ऑनलाइन बाजार को व्यापारियों के लिए एक अभिशाप बताते हुए अपील की कि सभी लोग ऑनलाइन खरीदारी छोड़कर अपने स्थानीय बाजारों से ही खरीदारी करें, ताकि दुकानदारों को मजबूती मिले और व्यापार का संतुलन बना रहे। शपथ ग्रहण समारोह में मेरठ मंडल के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सांवरिया और महामंत्री गौरव गर्ग सहित पूरी टीम को व्यापार मंडल की शपथ दिलाई गई।

साथ ही, गाजियाबाद महानगर इकाई से सुभाष छाबड़ा (अध्यक्ष) और मनवीर नगर (महामंत्री) को चौथी बार पुनः नियुक्त किया गया। इसके अलावा, बजरिया व्यापार मंडल की नई इकाई का भी गठन किया गया, जिसमें अजय कालरा के नेतृत्व में व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की गई।

# तहसीलदार-वकीलों में भिडंत, कामकाज ठप कर वकीलों ने दिया धरना

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और तहसीलदार के बीच हुई नोंकझोक के बाद वकीलों ने कामकाज ठप कर धरना शुरू कर दिया। उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप पर घंटों हंगामे के बाद मामला दो कर्मचारियों के खिलाफ जांच के आदेश देने और तहसीलदार के भूल स्वीकारने पर शांत हुआ। तहसील बार एसोसिएशन के मुताबिक तहसीलदार गाजियाबाद से अध्यक्ष लोमेश कुमार भाटी और सचिव संजय कुमार यादव तहसील संबंधित कार्यों में हो रहे विलम्ब को लेकर वार्ता करने गये थे। आरोप है कि जिसमें तहसीलदार का व्यवहार अच्छा नहीं था। उन्होंने असभ्य भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि मै तहसीलदारी छोड़ दूंगा। लेकिन अपने तरीके से ही काम करूँगा । इस घटना के बाद तहसीलदार गाजियाबाद के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। तहसील बार एसोसिएशन के मुताबिक धरना प्रदर्शन के वक्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को उन्हीं के कार्यालय में से सम्मान बंद किया गया । धरना उग्र होता देखकर एसडीम अरूण दीक्षित मौके पर आए और वकीलों के बीच नीचे बैठ गए। एसडीएम ने अधिवक्ताओं की बात सुनी और बार अध्यक्ष-सचिव द्वारा रखी गई बातों का सम्मान रखते हुए लेखपाल रामवीर सिंह बिरदी एवं लेखपाल मनोज चौधरी को तत्काल प्रभाव से अपने कार्यालय से अटैच कर दिया।

